

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, मंगलवार 13 मई 2025 ■ ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष-1 ■ वर्ष- 41 ■ अंक-045 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 14 मई 2025 ■ मूल्य 1.00 रु.




E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


# पीएम मोदी आदमपुर एयरबेस पहुंचे, जवानों का बढ़ाया हौसला

**चंडीगढ़,13 मई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार सुबह-सुबह पंजाब के आदमपुर एयरबेस का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने भारतीय वायुसेना के कर्मियों से मुलाकात की और हाल के घटनाक्रमों पर विस्तृत जानकारी प्राप्त की। प्रधानमंत्री ने वायुसेना के उन जवानों से भी बातचीत की जो पाकिस्तान के साथ हुए सैन्य संघर्ष के दौरान कार्रवाई में शामिल थे। पीएम मोदी ने आदमपुर का दौरा कर पाकिस्तान को संदेश दिया है कि भारत का एयरबेस पूरी तरह से सुरक्षित है और पाकिस्तान के ड्रोन और मिसाइल उसका बाल भी बांका नहीं कर पाए।आदमपुर एयरबेस भारत का दूसरा सबसे बड़ा वायुसेना अड्डा है। यह हाल ही में भारत-पाकिस्तान के बीच सैन्य तनाव का केंद्र रहा है। पाकिस्तान की ओर से दावा किया गया था कि उन्होंने आदमपुर में तैनात भारत के एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम और सुखोई फायटर जेट को नष्ट कर दिया है। अब भारतीय प्रधानमंत्री का दौरा पाकिस्तानी दुष्प्रचार की धज्जियां उड़ाने के लिए काफी है। प्रधानमंत्री मोदी का यह दौरा ऐसे समय में हुआ है जब दोनों देशों ने 10 मई को एक तत्काल युद्धविराम पर सहमति जताई थी। इस तनावपूर्ण स्थिति के बीच, पीएम मोदी का आदमपुर दौरा सैनिकों का



मनोबल बढ़ाने और स्थिति का जायजा लेने के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस दौरे पर क्लिक की गई पीएम मोदी की एक तस्वीर खास चर्चा में है। पीएम मोदी जहां खड़े हैं उसके पीछे भारतीय वायुसेना के विमान की तस्वीर है और ऊपर दीवार पर लिखा है, क्यों दुश्मन पायलटों को अच्छी नींद नहीं आती। जवानों के साथ तस्वीरें शेयर करते हुए पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, आज सुबह मैं एएफएस आदमपुर गया और हमारे बहादुर वायु योद्धाओं और सैनिकों से मिला। साहस, दृढ़ संकल्प और निडरता के प्रतीक लोगों के साथ रहना एक बहुत ही खास अनुभव था। भारत हमारे सशस्त्र बलों के प्रति हमेशा आभारी रहेगा, क्योंकि वे हमारे देश के लिए हर काम करते हैं।÷ सूत्रों के अनुसार, आदमपुर एयरबेस पहुंचने पर प्रधानमंत्री को वायुसेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने हाल के हमलों और ऑपरेशन सिंदूर के परिणामों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि आदमपुर, उद्धमपुर, पठानकोट, और भुज जैसे वायुसेना अड्डों पर पाकिस्तानी हमलों से सीमित नुकसान हुआ, लेकिन भारत की जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान के नूर खान, रहीम यार खान, और अन्य सैन्य ठिकानों को भारी क्षति पहुंचाई गई।

## संक्षेप

### पिकअप और बोरवेल ट्रक में टक्कर, चालक की मौत

**भानुप्रतापपुर,13 मई।** जिले के प्रवेश द्वार ग्राम कच्चे में मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। भानुप्रतापपुर से रायपुर की ओर जा रही एक पिकअप वाहन और सामने से आ रहे बोरवेल ट्रक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिकअप चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बोरवेल ट्रक का चालक घटना के बाद फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा कच्चे पुलिस चौकी से महज 100 मीटर की दूरी पर हुआ। तेज रफ्तार में आ रहे दोनों वाहनों की टक्कर से पिकअप वाहन के परखच्चे उड़ गए। दुर्घटना के बाद सड़क पर लंबा जाम लग गया, जिसे कच्चे पुलिस की मदद से काफी मशक्कत के बाद सामान्य किया गया।

### ट्रक ने ली महिला की जान

**रायगढ़,13 मई।** रायगढ़ जिले के चक्रधर नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत सम्बलपुरी रोड पर आज एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया। बाइक सवार एक महिला को तेज रफ्तार ट्रक ने कुचल दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रक के पहिए के नीचे महिला का सिर बुरी तरह फंस गया, जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश फैल गया। गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क पर चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही चक्रधर नगर थाना प्रभारी अमित शुक्ला अपनी टीम के साथ तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है तथा ट्रक और उसके चालक की पहचान कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है ताकि कोई अप्रिय स्थिति न उत्पन्न हो।

### कांग्रेस कार्यकर्ता नागा भंडारी की हत्या टार्गेट कीलिंग: बैज

**रायपुर,13 मई।** बस्तर के मारुड़बका निवासी कांग्रेस कार्यकर्ता नागा भंडारी की लिंगापुर मेले में नक्सलियों ने क्रूरता पूर्वक हत्या कर दी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि नक्सलियों द्वारा की गई इस कायराना हरक़त की जितनी निंदा की जाए कम है। भंडारी परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करता हूं एवं स्व. नागा भंडारी की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करता हूं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि छः माह पूर्व भी इसी तरह से ग्राम उसूर में स्व. नागा भंडारी के छोटे भाई स्व. तिरुपति भंडारी की दिनदहाड़े हत्या कर दी गई थी। आखिर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और आम आदिवासियों की ये टारगेट किलिंग कब खत्म होगी। सरकार आदिवासियों को सुरक्षा मुहैया कराने में पूरी तरह विफल है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सरकार नक्सलवाद खत्म करने का दंभ तो भर रही है परन्तु ग्राउंड जीरो में हालात जस के तस बने हुए है।

### ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर तिरंगा यात्रा निकालेगी भाजपा

**रायपुर,13 मई।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर एक बार फिर देशभक्ति की भावना से सराबोर होने को तैयार है। भारत की आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई 'ऑपरेशन सिंदूर' की अभूतपूर्व सफलता को सलाम करने और राष्ट्रीय गर्व को साझा करने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी द्वारा एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह गौरवपूर्ण यात्रा बुधवार शाम 4 बजे मरीन ड्राइव से आरंभ होकर देशभक्ति के नारों के बीच जयस्तंभ चौक पर सम्पन्न होगी। आतंकवाद के खिलाफ भारत की निर्णायक कार्रवाई का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, कैबिनेट के अन्य मंत्री, चैंबर ऑफ कॉमर्स, सामाजिक संगठनों, विभिन्न धर्मों के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में आम नागरिक एकजुट होकर यात्रा में शामिल होंगे। यह यात्रा न केवल एकता का प्रतीक होगी, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आतंकवाद पर कड़ा प्रहार करने वाली भारत सरकार की नीति को जनता के बीच पहुंचाने का माध्यम भी बनेगी।

# अटल डिजिटल सुविधा केंद्रों की केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने की सराहना

- **गांवों की समग्र समृद्धि सुनिश्चित करना छत्तीसगढ़ सरकार का उद्देश्य: मुख्यमंत्री साय**
- **उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में विकास का समग्र रोडमैप तय**

**रायपुर,13 मई।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज मंत्रालय (महानदी भवन) में पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा कृषि विभाग के कार्यों की व्यापक समीक्षा की। बैठक में राज्य और केंद्र की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की स्थिति की समीक्षा की गई और भावी विकास रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया गया। केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने छत्तीसगढ़ सरकार की प्रतिबद्धता और प्रशासनिक कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए कहा कि राज्य ने कृषि और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए उन्नत गांव और खुशहाल किसान की अवधारणा को सशक्त बनाना हमारी प्राथमिकता है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने बैठक में कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ग्रामीण विकास और कृषि को राज्य की रीढ़ मानती है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल योजनाओं का क्रियान्वयन नहीं, बल्कि गांवों की समग्र समृद्धि सुनिश्चित करना है। किसानों की आय बढ़ाना, रोजगार के अवसर पैदा करना और बुनियादी ढांचे को मजबूत करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने यह भी रेखांकित किया कि केंद्र सरकार के सहयोग से राज्य के सुदूर और वंचित क्षेत्रों तक विकास की पहुंच बनाना एक साझी ज़िम्मेदारी है, जिसको पूरा करने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार दृढ़ संकल्पित है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भर बनाना, डिजिटल सेवाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाना और युवाओं को कौशल आधारित रोजगार देना ही वास्तविक सुशासन है। उन्होंने कहा कि हमारी रणनीति योजनाओं को सिर्फ आंकड़ों तक सीमित रखने की जगह जन-जीवन में बदलाव लाने की है। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं की समीक्षा करते हुए केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने 'अमृत सरोवर'



योजना को स्थानीय आजीविका से जोड़ने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि इससे ग्रामीणों को रोजगार मिलेगा और जलसंरक्षण की दिशा में ठोस परिणाम सामने आएंगे। राज्य सरकार के आग्रह पर केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत श्रमिक बजट के पुनरीक्षण का आश्वासन दिया। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने स्वीकृत आवासों के शीघ्र निर्माण और हो रहे नये सर्वे के भौतिक सत्यापन पर बल दिया।

केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की सराहना करते हुए विशेष रूप से नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में संचालित नियद नेलानार योजना के अंतर्गत हो रहे निर्माण कार्यों की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह योजना विकास को राज्य के सुदूर और चुनौतीपूर्ण भूभागों तक पहुंचा रही है। केंद्रीय मंत्री ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा ग्राम पंचायतों में शुरू किए गए 'अटल डिजिटल सुविधा केंद्रों' की सराहना की और इसे ग्रामीण अर्थव्यवस्था में डिजिटल सशक्तिकरण की दिशा में क्रांतिकारी कदम बताया। उन्होंने सुझाव दिया कि इस नवाचार का अध्ययन कर इसे अन्य राज्यों में भी लागू किया जाए। कृषि क्षेत्र की समीक्षा करते हुए श्री चौहान ने कहा कि किसानों की आय वृद्धि के लिए केवल पारंपरिक खेती नहीं, बल्कि पशुपालन, बागवानी, मत्स्य पालन जैसे एलाइड क्षेत्रों में भी प्रयास जरूरी हैं। उन्होंने वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों, उन्नत बीजों, जैविक खेती और फसल चक्र अपनाने को प्रोत्साहित किया। केंद्र सरकार द्वारा शीघ्र शुरू की जा रही विशेष पहल की जानकारी देते हुए श्री चौहान ने बताया कि वैज्ञानिकों की टीम राज्य के विभिन्न जिलों का भ्रमण कर किसानों को व्यावहारिक और वैज्ञानिक कृषि तकनीकों का प्रशिक्षण देगी। उन्होंने राज्य सरकार से इस पहल में सक्रिय भागीदारी का आग्रह किया। बैठक के समापन पर केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने विश्वास जताया कि केंद्र और राज्य सरकार मिलकर कृषि एवं ग्रामीण विकास के क्षेत्र में अभिनव प्रयोगों और प्रतिबद्धता के साथ छत्तीसगढ़ को विकास के नए शिखर पर पहुंचाएंगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने आश्वासन दिया कि छत्तीसगढ़ सरकार इस साझा संकल्प को जमीनी हकीकत में बदलने के लिए हरसंभव कदम उठाएगी।इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा, कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध सिंह, प्रमुख सचिव पंचायत विभाग श्रीमती निहारिका बारिक, मुख्यमंत्री के सचिव श्री पी. दयानंद, भारत सरकार के भूमि संसाधन विभाग के अपर सचिव श्री आर. आनंद, ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त सचिव श्री अमित शुक्ला, कृषि मंत्रालय के सलाहकार श्री नवीन कुमार विद्यार्थी, कृषि उत्पादन आयुक्त श्रीमती शहला निगार, लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह सहित अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

# सिंधु जल पर पाकिस्तान की गीदड़ भभकी

**इस्लामाबाद,13 मई।** पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार का कहना है कि हमने भारत के खिलाफ परमाणु हथियार तैनात करने के बारे में विचार नहीं किया था। इशाक डार ने सीएनएन से बातचीत में डींगे हांकते हुए कहा कि हम भारत से जमीन और आसमान दोनों ही जगहों पर मुकाबला करने में सक्षम हैं, जबकि पाकिस्तानी सेना ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद बने जंग जैसे हालात में बुरी तरह मार खाई है। उन्होंने कहा कि हमने कभी भी भारत के खिलाफ परमाणु हथियारों की तैनाती पर विचार नहीं किया। उन्होंने कहा कि कई बार ऐसे गंभीर हालात बनते हैं कि आपको कुछ फैसले लेने पड़ते हैं, लेकिन हम बिना परमाणु हथियारों को तैनात किए ही तनाव से निपटने में सक्षम हैं। यही नहीं इशाक डार ने एक और गीदड़भभकी देते हुए कहा कि यदि सिंधु जल समझौते का मसला हल नहीं हुआ तो फिर भारत और पाकिस्तान के बीच लागू हुआ सीजफायर खतरे में पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाली अगली मीटिंग में इस पर बात होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि जल समझौते का मसला हल नहीं हुआ तो फिर यह जंग वाली हरकत मानी जाएगी। यही नहीं पाकिस्तानी विदेश मंत्री ने कहा कि जम्मू-कश्मीर का मुद्दा क्षेत्रीय शांति के लिए महत्वपूर्ण है। डार ने कहा कि यदि कश्मीर के मसले का हल नहीं होगा तो फिर स्थायी शांति भी मुश्किल होगी।

पाकिस्तानी मंत्री के बयान से साफ है कि सिंधु जल समझौते को रोका जाना उसे बहुत अखर रहा है। दरअसल पाकिस्तान में पंजाब से लेकर सिंध तक सिंधु नदी का जल खेतों की सिंचाई से लेकर पेयजल तक के लिए महत्वपूर्ण है। फिलहाल भारत ने सिंधु जल समझौते को रोकने का ही ऐलान किया है और इसका कोई असर जमीन पर नहीं है। लेकिन भारत सरकार ने जिस तरह से पनबिजली परियोजनाओं पर डैम के निर्माण में तेजी लाने के प्रयास शुरू किए हैं, उससे पाक में आशंकाओं का दौर है। पाकिस्तानियों को लगता है कि भारत यदि सिंधु का जल मोड़ने में सफल रहा तो उन्हें पीने के पानी से लेकर फसलों तक का संकट झेलना होगा। यही वजह है कि पहले से ही पाकिस्तानी धमकियां देने पर उतारू हो गए हैं।

# अमृतसर के मजीठा में जहरीली शराब पीने से 14 की मौत


**चंडीगढ़,13 मई।** पंजाब के अमृतसर जिले के मजीठा इलाके में जहरीली शराब पीने से 14 लोगों की दुखद मौत हो गई है जबकि 6 अन्य गंभीर रूप से बीमार हैं। सभी पीड़ितों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अमृतसर के डिप्टी कमिश्नर साक्षी सोनी ने प्रभावित गांवों का दौरा किया है। अधिकारी घटना की जांच कर रहे हैं और प्रभावित परिवारों को हर संभव मदद पहुंचाई जा रही है। अमृतसर। पंजाब के अमृतसर के अंतर्गत मजीठा इलाके में जहरीली शराब पीने से 14 लोगों की मौत हो गई। वहीं, छह की हालत गंभीर बनी हुई है। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। मृतकों में गांव भंगाली कलां, मरडी कलां और जयंतीपुर के लोग शामिल हैं। घटना के बाद पुलिस और प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंची हुई है और जहरीली शराब बेचने के आरोप में पांच लोगों को हिरासत में लिया गया है। पीड़ित परिवारों का कहना है कि उनके परिवार के सदस्य शराब पीने के बाद उल्टियां करने लगे। आनन-फानन में उन्हें अस्तपाल ले जाया गया, जिस बीच उनकी मौत हो गई। पीड़ितों का कहना है कि इलाके में लंबे समय से नकली शराब का धंधा चल रहा था, लेकिन प्रशासन ने कभी सख्ती नहीं की।

### लश्कर के 3 आतंकी ढेर

**श्रीनगर,13 मई।** जम्मू-कश्मीर से खबर आ रही है कि शोपियां में सुरक्षाबलों ने लश्कर के तीन आतंकियों का एनकाउंटर किया है। शुकरू के जंगली इलाकों में आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली थी। जिसके बाद ऑपरेशन 'केलर' (एनकाउंटर)शुरू किया गया। बता दें कि, भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर की घोषणा के बाद तनाव अभी भी जारी है। पीएम मोदी ने कल देश को संबोधित करते हुए पाकिस्तान को साफ़ तौर पर चेतावनी देते हुए कहा था कि भारत परमाणु हमले की धमकी कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि भारत की जवाबी कार्रवाई बस स्थगित हुई है। पीएम ने ये भी कहा कि पाकिस्तान से बात केवल आतंकवाद और पीओके के मुद्दे पर होगी।

# नक्सल ऑपरेशन पर मुख्यमंत्री, गृहमंत्री और पुलिस के दावों में विरोधाभास: भूपेश बघेल

**रायपुर,13 मई ।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल अपने निवास स्थान रायपुर पर पत्रकारों से चर्चा करते हुये कहा कि बीजापुर में नक्सल



ऑपरेशन से जुड़ी घटनाओं और तथ्यों के आधार पर जो सच सामने आ रहा है उससे लगता है कि नक्सल ऑपरेशन पर छत्तीसगढ़ सरकार का कोई नियंत्रण नहीं बचा है। इस घटनाक्रम ने साबित कर दिया है कि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा जी पद पर बने रहने के काबिल नहीं हैं और उनको तत्काल इस्तीफ़ा दे देना चाहिए। नक्सलियों के ख़िलफ़ हर लड़ाई में कांग्रेस पार्टी का खुला और बिना शर्त समर्थन है। पर नक्सलियों के ख़िलफ़ लड़ाई में सरकार अपनी जवाबदेही से नहीं बच सकती। बीजापुर के घटनाक्रम ने कई सवाल खड़े किए हैं जिससे संदेह पैदा हो गया है। पूर्व मुख्यमंत्री एवं राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल ने कहा कि 8 मई को रात में घटना घटित हुई। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी ने दावा किया कि ऑपरेशन संकल्प में 22 नक्सली मार गिराए हैं।उसके बाद गृहमंत्री विजय शर्मा जी ने कहा कि कोई ऑपरेशन संकल्प नहीं चल रहा है और ऐसी कोई संख्या नहीं है, यह झूठ है। लेकिन पता चला कि बीजापुर ज़िला अस्पताल में 22 शव पोस्टमार्टम के लिए पहुँचे हैं। बीजापुर की स्थानीय मीडिया, बस्तर की मीडिया और प्रदेश की भी मीडिया को अस्पताल में नहीं जाने दिया गया। चारों ओर सवाल उठे, शव मोर्चुरी में सड़ने लगे तब पुलिस ने 12 मई को शाम में निम्न रिलीज़ जारी की।

### कांग्रेस के सवालों पर उपमुख्यमंत्री साव ने किया पलटवार

# 9 आतंकी ठिकानों का ध्वस्त होना बड़ी जीत इतना समझ नहीं आता तो यह दुर्भाग्यपूर्ण

**रायपुर,13 मई।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर कांग्रेस ने सवाल खड़े किए हैं. कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर ऑपरेशन की पारदर्शिता और प्रभावशीलता पर घेरा और स्पष्ट जवाब मांगा. इस पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कांग्रेस पर तीखा पलटवार किया है. डिप्टी सीएम अरुण साव ने मीडिया से बातचीत में कहा कि जिस प्रकार कल (12 मई, 2025) DGMO ने स्पष्ट रूप से जानकारी दी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में बताया कि भारतीय सेना ने आतंकियों के नौ अड्डों को एकसाथ ध्वस्त किया, यह बहुत बड़ी सफलता है. पाकिस्तान घुटनों पर आ गया है और खुद सीजफायर के लिए संपर्क किया. अगर



इसके बाद भी किसी को समझ नहीं आता तो यह दुर्भाग्यपूर्ण है. उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कांग्रेस के बैलाडीला बचाओ यात्रा की घोषणा पर कटाक्ष किया है. उन्होंने कहा कि हर राजनीतिक दल को गतिविधियां करने का अधिकार है, लेकिन जिस पार्टी ने देश को तोड़ा, वो भारत जोड़ो यात्रा निकालती है, और जिसने संविधान को तार-तार किया, वो संविधान बचाओ यात्रा निकालती है. कांग्रेस जनता से कट चुकी है और अब शून्यता की ओर बढ़ रही है.÷ गौरतलब है कि कांग्रेस इससे पहले दो यात्राएं स्थगित कर चुकी है और अब 'बैलाडीला बचाओ यात्रा' निकालने की तैयारी में है. डिप्टी सीएम अरुण साव ने बताया कि पहलगाम की घटना के बाद भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर से करारा जवाब दिया, यह संदेश दिया कि भारत आतंकवाद के खिलाफ किसी भी हद तक जा सकता है. देशभर में राष्ट्रप्रेमी सेना के समर्थन में हैं, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की सराहना के लिए तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी.

# केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह को खूब भाए 'जशप्योर' के उत्पाद

**रायपुर,13 मई।** केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान छत्तीसगढ़ दौरे पर पहुंचे हैं. आज सीएम विष्णुदेव साय ने उन्हें 'जशप्योर' के उत्पाद भेंट किए, जिसकी केंद्रीय मंत्री ने खूब तारीफ की. सीएम साय ने ट्वीट कर कहा, 'जशप्योर' ब्रांड द्वारा लघु वनोपजों से तैयार किए गए शुद्ध, स्वास्थ्यवर्धक एवं उच्च गुणवत्ता वाले खाद्य उत्पादों से सुसज्जित टोकरी भेंट कर जशपुर की संस्कृति से परिचित कराया, जिसकी शिवराज सिंह ने सराहना की. सीएम साय ने पोस्ट में आगे लिखा है कि स्व सहायता समूह की महिलाओं की ओर से तैयार की गई छींद कांसा की टोकरी में डेकी, कुटा, जवां फूल चावल, ग्रीन टी गिफ्ट पैकेट, टाऊ पास्ता, टाऊ महुआ कुकीज, महुआ गोंद लड्डू, रागी, मखाना लड्डू, महुआ से निर्मित च्यवनप्राश, शीरप, शहद, चाय जैसे उत्पाद थे. केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने इन उत्पादों की जानकारी ली और आदिवासी महिलाओं द्वारा निर्मित इन उत्पादों की खूब प्रशंसा भी की. आज माननीय केन्द्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जी को जशप्योर ब्रांड द्वारा लघु वनोपजों से तैयार



किए गए शुद्ध, स्वास्थ्यवर्धक एवं उच्च गुणवत्ता वाले खाद्य उत्पादों से सुसज्जित टोकरी भेंट कर जशपुर की संस्कृति से परिचित कराया।

मुख्यमंत्री ने कहा टोकरी में केंद्रीय मंत्री को दिए गए खाद्य उत्पाद केवल स्वाद ही नहीं, बल्कि समर्पण, स्वावलंबन और आदिवासी बहनों के परिश्रम, कौशल और आत्मविश्वास का प्रतीक भी है. यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' की भावना को चरितार्थ करते हुए हमारी सरकार स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित कर आत्मनिर्भर भारत बनाने की दिशा में काम कर रही है.

# कांस्टेबल को ट्रैक्टर से कुचलने का मामला : हाईकोर्ट ने लिया स्वतः संज्ञान

**खनिज सचिव और वन विभाग को नोटिस जारी**

**बिलासपुर,13 मई।** बलरामपुर के लिब्रा घाट पर अवैध रेत खनन रोकने गई वन और पुलिस की संयुक्त टीम पर हुए हमले में आरक्षक शिवभजन सिंह की मौत हो गई. इस गंभीर मामले पर छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है. मुख्य न्यायाधीश रमेश कुमार सिन्हा और न्यायमूर्ति विभु दत्त गुरु की डिवीजन बेंच ने आज मामले की सुनवाई की. सुनवाई के दौरान कोर्ट ने तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि जब अवैध खनन पर रोक के लिए पहले से निर्देश जारी हैं, फिर भी ऐसी घटनाएं हो रही हैं, यह बेहद गंभीर स्थिति है। स्टेट अफेयर्स की हालत चिंताजनक है. वहीं ये भी कहा कि इस तरह की घटना का दोहराव नहीं होना चाहिए. मामले में 9 जून को अगली सुनवाई तय की गई है. बता दें कि नदी किनारे अतिक्रमण की शिकायत पर वन विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची थी. इस दौरान नदी घाट पर झारखंड के खनन माफिया को अवैध रेत खनन करते देख रोकने का प्रयास किया गया. इस पर झारखंडी खनन माफिया ने



टीम पर ही हमला कर दिया. रेत माफियाओं ने आरक्षक को ही ट्रैक्टर से कुचल दिया, जिससे आरक्षक शिव भजन सिंह की मौत हो गई. घटना की जानकारी मिलते के बाद आईजी और एसपी वैभव बैंकर ने मौके पर पहुंचे थे. इस पूरे मामले में आईजी दीपक झा ने थाना प्रभारी दिव्यकांत पांडेय को लापरवाही बरतने पर सस्पेंड कर दिया है. आदेश में लिखा कि वरिष्ठ अधिकारियों को बिना सूचना दिए आधी रात को टीआई अपर्याप्त बल लेकर अवैध रेत खनन रोकने गए थे, जहां खनन माफिया ने घटना को अंजाम दिया.

## एक नजर

### गबन के दो आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 13 मई।** भिलाई वैशाली नगर पुलिस ने बिहार पुलिस की सूचना पर गबन के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है पकड़े गए दोनों आरोपी बिहार के रहने वाले हैं वैशाली नगर पुलिस के मुताबिक पकड़े गए लोग अपने रिश्तेदार जो दुर्ग में रहते हैं उनके घर छिपे थे पकड़े गए दोनों लोगों पर आरोप है कि इन लोगों ने नालंदा जिले के कल्याण बिगहा में किसानों से बड़ी ठगी की है. आरोपियों ने किसानों करीब 54 लाख रुपए फर्जीवाड़ा कर ठगे हैं. आरोपियों के खिलाफबिहार के नालंदा जिले के कल्याण बिगहा थाने में शिकायत दर्ज है बिहार के अपराधी वैशाली नगर से गिरफ्तार बिहार पुलिस को खबर मिली थी कि फरार दोनों आरोपी दुर्ग के वैशाली नगर में छिपकर रह रहे हैं बिहार पुलिस ने दोनों की गिरफ्तारी के लिए दुर्ग पुलिस से संपर्क किया. दुर्ग पुलिस ने बताए गए हुलिए के आधार पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर बिहार पुलिस को सौंप दिया है 54 लाख की ठग ल्याण बिगहा की उप निरीक्षक शुषमा कुमारी ने वैशाली नगर थाना प्रभारी को लिखित आवेदन देकर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए मदद मांगी थी. दुर्ग पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर तत्काल एक टीम का गठन किया गया. टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर वैशाली नगर थाना क्षेत्र के रामनगर में रेड किया. रेड के दौरान दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी की गई. पकड़े गए दोनों लोग अपने रिश्तेदार के घर पर छिपकर रह रहे थे. वैशाली नगर थाना पुलिस ने पकड़े गए लोगों से पूछताछ की है और उसके बाद उनको बिहार पुलिस के सुपर्द कर दिया है पुलिस प्रवक्ता एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि बिहार के नालंदा जिले के कल्याण बिगहा थाने में पकड़े गए लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज है. आरोपियों ने किसानों से 54 लाख की ठगी है. पकड़े गए आरोपियों की गिरफ्तारी वैशाली नगर थाना क्षेत्र के रामनगर कॉलोनी से की गई ।

### देह व्यापार,चार गिरफ्तार



**भिलाई, 13 मई।** भिलाई स्पॉ सेंटर की आड़ में देह व्यापार का पुलिस ने खुलासा किया है पुलिस आरोपियों के कब्जे से आपत्तिजनक सामाग्री जब्त की है पुलिस मामले में स्पॉ सेंटर की संचालिका सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार कर पीटा एक्ट के तहत कार्रवाई की है एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि 11 मई को मुखबीर से सूचना मिली एक महिला अवैध धन लाभ अर्जन करने के लिए व्ही. आर. टावर जुनवानी में संचालित अगम ब्यूटी सेलून एवं स्पॉ सेंटर में मसाज के नाम पर लड़कियों से देह व्यापार करवा रही है सूचना पर तत्काल महिला अधिकारियों कर्मचारियों के साथ टीम गठित कर पुलिस कर्मचारी को पाईंटर नियुक्त कर स्पा सेंटर में अगम ब्यूटी सेलून एण्ड स्पॉ सेंटर में दबिश दी गई। मौके पर स्पॉ सेंटर की संचालिका श्रीमती प्रिया सिंह से आपत्तिजनक सामग्री, पाँच नग रजिस्टर एवं 4 हजार रुपए तथा स्पा सेंटर के रूम में ग्राहक एस. के. द्विवेदी, धर्मशील खोब्रागढ़े, राहुल चौधरी एवं विकास गेन्ड्रे मिले, जिनके पास से आपत्तिजनक सामग्री एवं विभिन्न कम्पनी के पांच नग मोबाइल को जब्त किया गया। पत्रवार्ता में पुलिस प्रवक्ता पद्मश्री तंवर, भिलाईनगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी उपस्थित थे ।

### धोखाधड़ी मामले में दो गिरफ्तार



**भिलाई, 13 मई।** दुर्ग अंजोरा चौकी अंतर्गत कंपनी के कर्मचारियों ने ट्रक ड्राइवर के साथ मिलकर कंपनी को आर्थिक नुकसान पहुंचाने की कोशिश की आरोपियों ने स्पंज आयरन की ट्रांसपोर्टिंग के लिए आए ट्रक में 1.20 लाख रूपए से ज्यादा कीमत का 5.24 टन स्पंज आयरन चोरी छुपे लोड कर दिया। शंका होने पर दोबारा कांटा कराया गया तो मामले का खुलासा हुआ। इस मामले में पुलिस ने लोडिंग स्टॉफ निखिल राजपूत और मुकेश निषाद को गिरफ्तार कर लिया है अंजोरा चौकी प्रभारी खगेन्द्र पठारेने बताया कि अमर हाइट्स गंजपारा दुर्ग निवासी प्रार्थी प्रवीण दत्त शर्मा (42 साल ) की रिपोर्ट पर धारा 316(4), 3 (5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया प्रार्थी ने पुलिस को बताया वह मूलत ग्राम उमरावत भिवानी हरियाणा का रहने वाला है। यहां सुविधि इस्पात रसमड़ा में चीफ कमर्शियल ऑफिसर के पद पर कार्यरत है। कंपनी में स्पंज आयरन का निर्माण होता है वह कंपनी में स्पंज आयरन परिवहन संबंधी कार्य का सुपरविजन करता है। 9 मई को उरला के रायपुर में माल भेजने के लिए अनुबंधित ट्रांसपोर्टर अक्षय प्रताप सिंह को ट्रक भेजने के लिए कहा गया। इस पर ट्रक का चालक अमन सिंह गाड़ी लेकर पहुंचा। रात करीब 10 बजे 49.56 टन स्पंज आयरन लोडकर कांटा करा लिया गया। देर रात होने की वजह से लोड माल का इनवाइस नहीं बन सका। रातभर लोडिंग ट्रक कंपनी में खड़ा रहा। अगले दिन जब इनवाइस जारी होने के बाद ट्रक को रवाना करने की तैयारी की जाने लगी तो ट्रक में अधिक स्पंज आयरन भरा होने का अंदेशा हुआ। इस पर दोबारा कांटा कराया गया तो 5.24 टन अधिक स्पंज आयरन लोड होना पाया गया। ड्राइवर अमन सिंह से पूछने पर वह कांटा पर ही ट्रक छोड़कर भाग गया इस पर लोडिंग स्टॉफ निखिल राजपूत एवं मुकेश निषाद से पूछताछ की गई दोनों कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सके इस पर तीनों के खिलाफ चौकी में शिकायत दर्ज कराई गई प्रकरण में आरोपी ट्रक चालक फरार चल रहा है >

# सच्चा गुरु जीवन में सदाचार व ज्ञान का संचार करता है:डिप्टी सीएम शर्मा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,13 मई।** छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा आज अपने एक दिवसीय कबीरधाम प्रवास के दौरान ग्राम सोनपुरी रानी पहुंचे, जहां उन्होंने गुरु गोरक्षनाथ के प्राकट्य महोत्सव कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति रही और पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा। कार्यक्रम के प्रारंभ में उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने गुरु गोरक्षनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की और प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और शांति की कामना की। उन्होंने मंदिर परिसर में संतों एवं श्रद्धालुओं से भी भेंट की और उनके आशीर्वाद प्राप्त किए। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए 15 लाख रुपए की घोषणा की। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि एक सच्चा गुरु समाज को दिशा देता है, और व्यक्ति के जीवन में सदाचार व ज्ञान का संचार करता है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान सर्वोच्च है, और हमें उनकी शिक्षा को आत्मसात करना चाहिए।उन्होंने बताया कि गोरखपुर एक पवित्र धार्मिक धाम है, और यह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी की कर्मभूमि भी है। उन्होंने कहा कि हमारे समाज को संगठित एवं सुरक्षित रखने की प्रेरणा गोरखपुर से मिलती है। हम मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चल रहे हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने भी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि गुरु गोरक्षनाथ जैसे महापुरुषों की शिक्षाएं आज भी हमारे जीवन के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने गुरु परंपरा की महत्ता पर बल देते हुए कहा कि गुरु के बिना जीवन की दिशा अधूरी होती है। उन्होंने गुरु की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि उनका आशीर्वाद समाज को एकता, अनुशासन और समर्पण की भावना से जोड़ता है।सभा में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थित थे।

### अवैध शराब बेचने वाला गिरफ्तार



**भिलाई, 13 मई।** भिलाई अवैध शराब बेचने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुरानी भिलाई थाने पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत अपराध कायम किया है ।

पुरानी भिलाई टीआई अंबर सिंह भारद्वाज ने बताया कि बाइक सीजी 07 सीटी 5837 में अवैध रूप से प्लास्टिक बोरी में शराब भरकर बाइक के सामने रखकर दादर से नंदौरी लेकर जाने की सूचना मिली थी पुलिस ने दादर रोड जय स्तंभ चौक के पास रोड किनारे युवक को पकड़ लिया पूछताछ पर अपना नाम दानिक वर्मा बताया है उसके पास से पुलिस ने 70 पौवा मदिरा प्रत्येक में 180 एमएल शराब भरा हुआ मिला शराब की कीमत 7 हजार रुपए आंकी गई बाइक की कीमत 75 हजार रुपए आंकी गई है ।

# बुध्द पूर्णिमा पर अमेरी में आध्यात्मिक एवं पर्यावरणीय संगोष्ठी का आयोजन



**भिलाई, 13 मई।** इस अवसर पर ग्राम पंचायत अमेरी के सरपंच भूषण भारद्वाज, उप सरपंच सुखेन नेताम, पंच चंदन कौशले एवं रंजीत कौशले ने इस कार्यक्रम का आतिथ्य स्वीकार करते हुए पर्यावरण समन्वय सार्वजनिक सेवा समिति के पदाधिकारियों सहित आजीवन सदस्यों से सौजन्य मुलाकात की।

इस कार्यक्रम का शुभारंभ अमेरी सरपंच भूषण भारद्वाज के द्वारा बाबा पंचराम की समाधि स्थल पर दीप प्रज्वलित करके किया गया। इसी कड़ी में समिति के सदस्यों द्वारा सरपंच महोदय, उप सरपंच महोदय एवं पंच महोदयो से पर्यावरण धाम की मूलभूत समस्याओं पर विचार विमर्श करते सरपंच ने 7 से 8 नग कुर्सी, पुरुष एवं महिला सुलभ शौचालय एवं में डामरी रोड से पर्यावरण धाम मंदिर प्रांगण तक कच्ची रोड को सी.सी. रोड करने का आश्वासन देते हुए पर्यावरण धाम अमेरी के पेड़ों के लिए भी बहुत जल्द ही मिट्टी देने का आश्वासन एवं भविष्य में भी पर्यावरण एवं पर्यावरण के प्रति सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया । इस अवसर पर पर्यावरण धाम के महंत द्वारिका (बुढा देव), कार्यकारिणी अध्यक्ष - प्रीतम सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष- नरसिंह वर्मा, *सचिव - महेंद्र देशमुख, कोषाध्यक्ष - आनंदी साहू, निर्मल सार्वे, वासुदेव नेताम, अर्जुन सिंगौर, हेमंत ठाकुर, चंद्रपाल, रामदीन साहू, पप्पू मानिकपुरी, कोमल नेताम सहित सभी मुख्य कार्यकर्ताओं एवं ग्राम वासियों ने पर्यावरण संरक्षण एवं हरित संदेश पूरे विश्व तक फैलने का संकल्प लिया।

# पुलिस ने1 क्विंटल गांजा सहित ट्रक जब्त कर तीन अंतर्राज्यीय तस्करों को किया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,13 मई।** पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेन्द्र सिंह (भा.पु.से.) के नेतृत्व में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल एवं पंकज पटेल तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस चिल्फी संजय ध्रुव के मार्गदर्शन में थाना चिल्फी पुलिस द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी पर कड़ा प्रहार करते हुए एक और महत्वपूर्ण सफलता हासिल की गई है।दिनांक 13.05.25 को थाना चिल्फी प्रभारी निरीक्षक उमाशंकर राठौर को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक ट्रक क्रमांक ऋ्b17त्रष्ट9591 में भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ गांजा भरकर कवर्धा-चिल्फी-झिरमघाट मार्ग से जबलपुर (म.प्र.) की ओर ले जाया जा रहा है। सूचना की गंभीरता को भांपते हुए वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित कर तत्काल थाना चिल्फी के सामने नाका लगाकर वाहनों की चेकिंग प्रारंभ की गई।थोड़ी ही देर में एक संदिग्ध ट्रक घाटी की ओर से आता दिखाई दिया, जिसे रोककर जब गहन तलाशी ली गई, तो वाहन के केबिन के ऊपर छिपाकर रखी गई 4 बोरियों में कुल 96 पैकेट मादक पदार्थ बरामद हुए। इलेक्ट्रॉनिक तराजू से तौलने पर इनका कुल वजन 1 क्विंटल (101.07 कि.ग्रा.) पाया गया।ट्रक में सवार तीन व्यक्तियों से पूछताछ पर उन्होंने अपना नाम -1. सांवरिया वर्मा पिता बालचंद वर्मा उम्र 34 वर्ष2. होकम सिंह सोंधिया पिता बने सिंह उम्र 28 वर्ष3. कुमेर सिंह पिता इंदर सिंह उम्र 29 वर्ष (तीनों निवासी ग्राम छतरपुरा एवं मेनाखेड़ी, थाना जीरापुर, जिला राजगढ़, म.प्र.) बताया। पूछताछ में इन तस्करों ने अवैध गांजा ओडिशा से लेकर आने और मध्यप्रदेश के जबलपुर क्षेत्र तक पहुंचाने की योजना स्वीकार की। जब्त गांजे की अनुमानित कीमत ?20 लाख रुपए तथा ट्रक की कीमत ?20 लाख रुपए आंकी गई है। इस प्रकार कुल ?40 लाख रुपए का अवैध मादक माल पुलिस द्वारा जप्त किया गया है।थाना चिल्फी में अपराध क्रमांक 74/25 धारा 20(B)(ii)(C) NDPS Act के तहत अपराध पंजीबद्ध कर तीनों आरोपियों को गिरफ़्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।कबीरधाम पुलिस स्पष्ट रूप से चेतवानी देती है कि नशे का कारोबार करने वालों के लिए जिले में कोई जगह नहींयह कार्रवाई न केवल कबीरधाम पुलिस की सजगता और प्रोफेशनलिज्म को दर्शाती है, बल्कि नशे के खिलाफ जिले में Zero Tolerance की नीति को भी दृढ़ता से सामने रखती है। लगातार हो रही कार्रवाइयों से यह स्पष्ट है कि जिले में मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। इस उल्लेखनीय कार्रवाई में थाना चिल्फी की टीम की सराहनीय भूमिका रही -थाना प्रभारी निरीक्षक उमाशंकर राठौर, स उ नि बीरबल साहू, आर. सुनील मेरावी, पंकज यादव, संतोष साहू, आंसू तिवारी, मो. इरफ़ान, पप्पू पनागर एवं टीम द्वारा सतर्कता व सूझबूझ से की गई यह कार्रवाई निश्चित ही जिले में मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध एक कड़ा और प्रभावी संदेश है।

### अंतरर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस पर नर्सिंग स्टाफ का सम्मान किया गया



**उतई, 13 मई।** कार्यक्रम का शुभारंभ अस्पताल के डायरेक्टर डॉ.टी. आर. कुसुम यादव ने किया हास्पिटल प्रबंधक प्रियांशु हिरवानी एवं ललित साहू ने सभी को प्रोत्साहित किया प्रियांशु हिरवानी ने उत्कृष्ट नर्स को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के दौरान छम्मन लाल निर्मलकर वर्षा वर्मा, पल्लवी साहू,कमलेश्वरी यादव, संध्या अग्रवाल, ममता वर्मा, डॉ भुपेंद्र साहू, डां.आविषी , सपना यादव, डुकेश्वरी, मिनाक्षी, टीकेश्वर वर्मा, नेहा नारंग, हर्षना कुर्रे, प्रिती, अर्पित देवांगन, वर्षा साहू, कमला, रमा वर्मा, डॉ आकाश साहू, प्रवीण पटेल, राधेश्याम आदि उपस्थित थे।

# समता उद्यान का होगा सौंदर्यीकरण,बनेगा पाथवे



**भिलाई, 13 मई।** भिलाई नेहरू नगर पश्चिम के वार्ड क्रमांक 4 स्थित में स्थित समता उद्यान का सौंदर्य करण किया जाएगा। स्थानीय निवासी रामकुमार गुप्ता के साथ अन्य लोगों द्वारा पूर्व में निर्मित समता उद्यान का सौंदर्यकरण, पाथवे का निर्माण, बच्चों को खेलने के लिए झूला, योग करने के लिए मंच, एक्सरसाइज करने के लिए जिम आदि का मांग हेतु पत्र दिया गया था । उसी को देखने के लिए आज आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत उद्यान अधिकारी तुलेश्वर साहू को लेकर के समता उद्यान निरीक्षण करने पहुंचे। वहां के स्थानीय निवासियों के साथ समता उद्यान के चारों तरफ भ्रमण करते हुए सबके साथ मिलकर के योजना बनाई गई। किस प्रकार से उद्यान को और व्यवस्थित बना दिया जाए। जिससे लोगों के लिए टहलने, बैठने, घूमने एवं अन्य सामाजिक गतिविधियां करने के लिए सुगम हो जाए। उसके लिए प्रस्ताव बनाने के लिए जोन आयुक्त को निर्देशित किये। उद्यान अधिकारी को तत्काल रूप से उद्यान की साफ सफाई एवं जो झूले या खेल के उपकरण लगे हैं उसे साफ सुथरा व्यवस्थित करने के लिए निर्देशित किये। स्थानीय निवासियों ने आयुक्त से वादा किया कि एक बार नगर निगम भिलाई द्वारा बना करके दे दिया जाएगा तो हम लोग इसके रखरखाव देखरेख की जिम्मेदारी स्वयं करेंगे। शासन का पब्लिक भागीदारी से उद्यानों का रखरखाव एवं देख-देख करने की योजना चल रही है।

# कृष्णा डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी के शोरूम का घनश्याम डोलकिया एवं रिकेश सेन ने किया शुभारंभ



**भिलाई,13 मई।** छत्तीसगढ़, किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी ने छत्तीसगढ़ के भिलाई स्थित मोतीलाल नेहरू नगर में अपने दूसरे एक्सक्लूसिव शोरूम के भव्य उद्घाटन की घोषणा की। इस शुभ अवसर पर हरि कृष्णा ग्रुप के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक घनश्याम ढोलकिया एवं वैशाली नगर एमएलए रिकेश सेन ने शोरूम का शुभारंभ किया। शुभारंभ के उपलक्ष्य में किसना ग्राहकों को मेकिंग चार्ज पर 100 प्रतिशत तक की छूट देने के साथ ही नवीनतम समर कलेक्शन जहाँ सहज सादगी मिलती है शाश्वत भव्यता से की खोज करने का आमंत्रण देता है। इस अवसर पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए हरि कृष्णा ग्रुप संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक घनश्याम ढोलकिया ने कहा कि भिलाई में यह शोरूम हमारे मध्य भारत में बढ़ते रिटेल नेटवर्क का एक रणनीतिक विस्तार है। ऐसे उच्च संभावनाओं वाले बाजारों में प्रवेश कर कृष्णा का उद्देश्य है कि वह आकांक्षी उपभोक्ताओं को सुलभ लक्जरी और बेजोड़ सेवा प्रदान करे। यह हमारे विजन् %हर घर कृष्णा के अनुरूप है, जिसके तहत हम भारत का सबसे तेज़ी से बढ़ता ज्वेलरी ब्रांड बनना चाहते हैं और हर महिला का डायमंड ज्वेलरी पहनने का सपना साकार करना चाहते हैं। पराग शाह, निदेशक, कृष्णा ने कहा कि भिलाई लॉन्च के साथ हम छत्तीसगढ़ में अपनी उपस्थिति को और मजबूत कर रहे हैं और मध्य भारत के उपभोक्ताओं से अपने जुड़ाव को और गहरा कर रहे हैं। यह शोरूम हमारी विशेष रूप से क्यूरेट की गई हल्की और समर-फ्रेंडली ज्वेलरी को उपभोक्ताओं के और नज़दीक लाता है, जिससे सुंदर और दैनिक उपयोग की ज्वेलरी देशभर में और अधिक सुलभ होती है। वरुण कटारिया, फ्रेंचाइज़ी पार्टनर, कृष्णा ने कहा- यह साझेदारी विकास और उत्कृष्टता की साझा दृष्टि को दर्शाती है। कृष्णा की सशक्त ब्रांड छवि और हमारी स्थानीय समझ के साथ, हम भिलाई में एक आदर्श ज्वेलरी रिटेल अनुभव देने के लिए आश्वस्त हैं।



### जनप्रतिनिधियों की उपस्थितियों में तरेगांव मैदान में सामुदायिक भवन का भूमिपूजन

**कवर्धा, 13 मई।** तरेगांव मैदान में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विदेशी राम धुर्वे और जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि रामकिंकर वर्मा एवं जनपद उपाध्यक्ष नंद श्रीवास एवं पूर्व जनपद सदस्य नरेश चन्द्रवंशी ने 6लाख 50? हजार रुपए का सामुदायिक भवन का भुमि पूजन किया । बोड़ला जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि रामकिंकर वर्मा ने कहा की सीएम विष्णुदेव साय और डिप्टी सीएम विजय शर्मा के मार्गदर्शन में गुणवत्तापूर्ण विकास कार्य जारी है ।

### जिज्ञासा दसवीं में अव्वल



**भिलाई।** शासकीय हाईस्कूल सरेखा में कक्षा दसवीं की छात्रा जिज्ञासा देशमुख ने 96.50 प्रतिशत अंक अर्जित कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है ।वे दनिया निवासी शिक्षक राजूलाल देशमुख और ललिता देशमुख की पुत्री हैं ।उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय परिवार के शैक्षिक वातावरण, प्राचार्य के मार्गदर्शन और गुरुजनों की मेहनत को दिया है ।

# सरयूपारीण ब्राम्हण समाज की वार्षिक आमसभा में ब्रह्म प्रकाश पत्रिका का विमोचन



**भिलाई, 13 मई।** सरयू पारीण ब्राम्हण समाज भिलाई दुर्ग द्वारा समाज का वार्षिक आमसभा एवं ब्रह्म प्रकाश पत्रिका का विमोचन स्वामी विवेकानंद हॉल, स्मृति नगर में किया गया कार्य क्रम में मुख्य रूप से मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ अंचल के प्रकांड विद्वान् कथाकार डॉक्टर विजय दुबे, एवं डॉक्टर सुरेश शुक्ला अध्यक्ष सरयू पारीण ब्राम्हण समाज रायपुर परिक्षेत्र उपस्थित थे राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज प्रदेश सचिव राकेश शुक्ला, एवं अध्यक्ष लक्ष्मी कांत तिवारी जिनकी गरिमामय उपस्थिति में भव्य रूप से कार्य क्रम संपन्न हुआ कार्य क्रम की शुरुआत भगवान ब्रह्म देव जी की प्रतिमा पर दीप प्र'वलन, आरती, पूजा एवं पुष्प अर्पण करके अतिथियों द्वारा किया गया शंख ध्वनि के साथ पूजा, मंत्रों चार के साथ विधिवत पूजा अर्चना किया गया, सर्व प्रथम समाज के सदस्यों द्वारा मुख्य अतिथि गणों का शाल फ्ल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया एवं मुख्य अतिथि की उपस्थिति में समाज की उपयोगी पत्रिका के 12 वे अंक का वर्ष2025 का विमोचन किया गया सर्व प्रथम अध्यक्ष प्रभुनाथ मिश्र ने अध्यक्षीय भाषण प्रस्तुत किया गया समाज महा सचिव राम लखन मिश्र द्वारा गत वर्ष की समाज की गतिविधियों एवं महिला प्रकोष्ठ, युवा प्रकोष्ठ की कार्यों की जानकारी दी एवं समाज की आर्थिक गतिविधि आय व्यय की जानकारी कोषाध्यक्ष कैलाश पाठक ने दी, अध्यक्षता करते हुए प्रभु नाथ मिश्र ने बताया कि समाज की गति विधि लगा तार बढ़ रही है समाज हित में सभी कार्य किए जा रहे हैं सभी से कहा कि शिक्षा दीक्षा के क्षेत्र में अपने ब'चों को संस्कार देने के साथ साथ शिक्षा पर विशेष ध्यान दिलवाए क्योंकि आने वाले समय में हमारे ब'चे आगे बढ़े आज ब्राह्मण समाज के साथ देश का गौरव बढ़ाने में हमारी ब'चियां आगे आ रही हैं कुमारी शक्ति दुबे ने यू पी एस सी में टॉप प्रथम स्थान आ कर ब्राह्मण समाज का नाम रोशन किया है और अधिकांश ब'चे इस बार मेहनत कर टॉप पोजीशन में आए हैं उन्हें आशीर्वाद शुभ कामना देता हु कि खूब आगे बढ़े, महासचिव रामलखन मिश्र ने कहा कि समाज की वार्षिक आमसभा मे आए सभी सदस्यों का अभिनन्दन करता हूं समाज को और मजबूत कैसे बनाए इस दिशा में कार्य करने का काम करना है और समाज की पत्रिका ब्रह्म प्रकाश समाज के लोगों के लिए उपयोगी साबित होगी जिसमें लेख के साथ शादी योग्य ब'चे ब'चियों की जानकारी दी गई है योग्य लोगों को इसकी जानकारी प्राप्त हो इसी दिशा में कार्य किया गया है, इसी भावना से हर साल ये पत्रिका प्रकाशन की जा रही है और इस का लाभ सभी को मिल रहा है, साथ ही देश के हमारे वीर जवानों द्वारा डट कर मुकाबला करते हुए पाकिस्तान को उसकी औकात बताई और देश के वीर जवानों को मंच से सैल्यूट किया, और उन कोही देश का रियल हीरो बताया, मुख्य अतिथि डॉक्टर सुरेश शुक्ला अध्यक्ष सरयू पारीण ब्राम्हण समाज रायपुर परिक्षेत्र ने संबोधित करते हुए कहा कि ब्राह्मण समाज आने वाले जनगणना में जो केंद्र सरकार द्वारा की जा रही है उसमें अपनी जानकारी उस कॉलम में दे की वह ब्राह्मण है तो इससे समाज की जनगणना में सही जानकारी मिल सकेगी ऐसा समाज में बताए संगठित रहे और भगवान श्रीपरशुराम जी के विचारोऔर मार्ग पर चलने का संकल्प ले, परशु राम जी ने ऐसे भ्रष्ट राजा लोगो को जो जनता को तंग करते थे उनका संहार किया और अ'छे राजा को गद्दी सौंपी ब्राह्मण समाज सदैव से सर्वजन हिताय सर्व जन सुखाय के भाव को लेकर लोक कल्याण के कार्य पर कार्य करते चले आ रहा है रायपुर परिक्षेत्र सरयु पारीण ब्राम्हण समाज द्वारा ब'चों के जनेऊ संस्कार कार्यक्रम किए जा रहे हैं खर्चीली शादियों, और दिखावा पर रोक लगाने एवं निर्धन परिवार जनों को शादी में मदद करने की दिशा में एक संकल्प लिया है कि ऐसे परिवार जो शादी में समाज रायपुर द्वारा आर्थिक सहायता प्रदान करने का निर्णय लिया हे और निर्धन परिवार के ब'चों को पढ़ाई लिखाई में आर्थिक सहयोग भी करेगा इस दिशा में कार्य किया जा रहा है प्रख्यात कथाकार विद्वान डॉक्टर विजय दुबे ने कहा कि आने वाली पीढ़ी कैसे मजबूत हो हर क्षेत्र में ब'चे ब'चियों शिक्षा खेल के साथ धर्म, संस्कार और हमारी सनातनी पद्धति को जाने ये हर माता पिता अ'छे संस्कार दे ये हमारा कर्तव्य हो ब्राह्मण सदैव हर समाज को दिशा और दशा बताते चला आ रहा है शिक्षा ज्ञान भी देना उसका कर्तव्य है हम ब्राह्मणों का धर्म है कि हमें इस भारत माता के लिए कुछ देने का भाव रखे सभी समाज हमारे लिए सम्माननीय और आदर योग्य हे अपना जीवन, वाणी, आचार व्यवहार को ठीक रखे सात्विक रहे पूजा आरती वेद शास्त्र का ज्ञान ही हमारी शक्ति है, दूसरों से अ'छा व्यवहार रखे, अ'छे लक्ष्य तैयार करें भारत वर्ष में ब्राह्मणों ने पूर्व में भी इस देश के लिए कुछ किया है और आगे भी हमें कुछ अ'छा करना है सभी जातियों को लाभ मिले ऐसा कुछ करे, और देश का नाम रोशन करे ऐसा संकल्प ले कार्य क्रम को सफ्ल संचालन सचिव एवं प्रभारी युवा प्रकोष्ठसुनील मिश्र ने किया और सुंदर कविता भी प्रस्तुत किया और भगवानश्री राम जी पर एक सुंदर मार्मिक गीत प्रस्तुति दी, एवं समाज उपाध्यक्ष शंकर चरण पांडे ने सुंदर गीत प्रस्तुत किए और अ'छा समा बांधा, एवं उपाध्यक्ष चंद्र शेखर पांडे ने भी संबोधित किया महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष प्रीति राहुल दुबे ने भी प्रकोष्ठ की जानकारी दी, कार्य क्रम में उपाध्यक्ष चंद्र शेखर पांडेजगत नारायण तिवारी, विष्णुर पाठक, संजय पांडे, शशि प्रभा मिश्रा प्रभारीमहिला प्रकोष्ठ, युवा प्रकोष्ठ प्रभारी सचिव सुनील मिश्र, कैलाश पाठक एकता मिश्र, प्रीति दुबे, हरे कृष्ण पांडे दीपक मिश्र, , राम विलास मिश्र, सुरेश मिश्र, नर्मदा प्रसाद मिश्र, वीरेंद्र नाथ पांडे, राधा कृष्ण पांडे, महेश तिवारी, अजय द्विवेदी, रूपेश दत्त तिवारी, नरेश प्रसाद मिश्र, राजेंद्र कुमार दुबे, नागेंद्र नारायण मिश्रा, दिनेश त्रिपाठी, मंजू पांडे, राकेश शुक्ला, लक्ष्मीकांत तिवारी, आनंद तिवारी, अन्नू पांडे, प्रदीप पांडे, रुक्मिणी मिश्र, अखिलेश मिश्र, अंजू तिवारी, जया मिश्र, प्रवीण पांडे, संतोष मिश्रा, संजय तिवारी, रोहित मिश्रा, काजल मिश्र, पूनम पांडे, पवन पांडे, संजय मिश्र, विमलेश्वर पांडे, विकास पांडे, सलोनी पांडे, मीना पांडे, प्रवीण चौबे, राजेश त्रिपाठी, राजेंद्र शर्मा, अमल मिश्र, आयुष मिश्र, ज्ञान दुबे, शिव शंकर मिश्र उपस्थित थे। कार्य क्रम के अंत में आभार व्यक्त शंकर चरण पांडे ने प्रस्तुत किया।

## एक नजर

### उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में समर कैम्प का शुभारंभ



**राजनांदगांव, 13 मई।** पीएमश्री सर्वेश्वरदास नगर पालिक निगम उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय राजनांदगांव में शाला विकास समिति के अध्यक्ष श्री कमलेश सूर्यवंशी द्वारा समर कैम्प का शुभारंभ किया गया। श्री कमलेश सूर्यवंशी ने अपने उद्बोधन में जीवन में खेलो के महत्व के संबंध में जानकारी दी। जिला स्तरीय समर कैम्प के प्रभारी श्री आदर्श वासनिक ने विद्यालय में विद्यार्थियों को कैरियर काऊंसलिंग के बारे में बताया। इस अवसर पर अन्य अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षक, विद्यार्थी उपस्थित थे।

### समाधान शिविर:मछली पालन करने वाली मछुवा सहकारी समिति नवागांव के सदस्यों के लिए रहा खुशियों भरा

**राजनांदगांव, 13 मई।** सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम टेडेसरा के समाधान शिविर मछली पालन करने वाली ग्राम नवागांव की छत्तीसगढ़ मछुवा सहकारी समिति के सदस्यों के लिए खुशियों भरा रहा। समाधान शिविर टेड़ेसरा में मछली विभाग की राज्य पोषित योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ मछुआ सहकारी समिति नवागांव के सदस्यों को 2 मछली जाल और 3 नग आईस बाक्स मिला है। छत्तीसगढ़ मछुवा सहकारी समिति नवागांव के सदस्यों ने शासकीय योजना से लाभान्वित होने पर खुशी जाहिर की। समिति के अध्यक्ष श्री खेमलाल निषाद ने बताया कि उनके पास एक जलाशय और 7 तालाब है। जिसमें वे मछली का पालन करते हैं। अध्यक्ष श्री खेमलाल निषाद ने बताया कि समिति के सभी सदस्यों को मजदूरी और अन्य व्यय निकालने के बाद वर्ष में शुद्ध 1 लाख रूपए से अधिक समिति को आय होती है। उन्होंने बताया कि समिति में महिलाएं और पुरूष शामिल है। तालाब एवं जलाशय में रोहू, कतला, तिलापिया, ग्रास कार्प, कोमल कार जैसी मछलियों का पालन करते है। इससे समिति के सदस्यों को अच्छी आमदनी हो जाती है। समिति के अध्यक्ष श्री खेमलाल निषाद ने बताया कि मत्स्य विभाग के अधिकारियों द्वारा समय-समय पर मार्गदर्शन मिलता रहता है। मछली पालन में किसी प्रकार की समस्या होने पर विभाग से दवाईयां भी प्रदान की जाती है और उत्पादन बढ़ाने के लिए सलाह भी दी जाती है। छत्तीसगढ़ मछुवा सहकारी समिति के सदस्य श्रीमती खिलेश्वरी निषाद, श्रीमती शारदा निषाद, श्रीमती हेमबाई निषाद, श्रीमती रामबती बाई, मानबाई निषाद ने समाधान शिविर में मछली जाल और आईस बाक्स प्राप्त करने पर उनके चेहेरे पर खुशियां झलक रही थी। समाधान शिविर में लाभान्वित होने पर समिति के सदस्यों ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद ज्ञापित किया।




### सुशासन तिहार में जनमन पत्रिका एवं शासन की योजनाओं से संबंधित ब्रोशर का किया गया वितरण



**राजनांदगांव, 13 मई।** जनपद पंचायत राजनांदगांव के ग्राम पंचायत टेड़ेसरा में सुशासन तिहार अंतर्गत आयोजित समाधान शिविर में आज जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित जनमन पत्रिका का निश्शुल्क वितरण किया गया। इस अवसर पर बजट से मिली रफ्तार, प्रगति की ओर बढ़ता छत्तीसगढ़ एवं सुशासन तिहार मोर दुआर साय सरकार ब्रोशर का वितरण किया। ग्राम टेड़ेसरा की श्रीमती सिया सैनी ने कहा कि जनमन पत्रिका में शासन की विभिन्न योजनाओं की अच्छी जानकारी दी गई है। वहीं सुशासन तिहार के संबंध में भी बताया गया है। उन्होंने कहा कि जनसामान्य को यह पत्रिका मिलने से वे शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ ले सकते है। इसी तरह श्री केशूराम केवट ने कहा कि जनमन बहुत ही बढ़िया पत्रिका है। जिसमें छत्तीसगढ़ के बजट के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई है। यह खुशी की बात है कि जनसंपर्क विभाग द्वारा इस पत्रिका का निश्शुल्क वितरण किया जा रहा है।

# मुख्यमंत्री साय ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज चौहान का स्वागत किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायपुर, 12 मई।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय से आज छत्तीसगढ़ प्रवास पर आए केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं कृषि व किसान कल्याण मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री श्री साय ने श्री चौहान का छत्तीसगढ़ में स्वागत करते हुए उन्हें बस्तर आर्ट का प्रतीक चिन्ह व शॉल भेंट किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने छत्तीसगढ़ की पावन धरा पर केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए कहा कि गरीब, किसान एवं गांव के कल्याण के लिए आपका समर्पण हम सबके लिए प्रेरणादायी है। आपके अनुभव और मार्गदर्शन से डबल इंजन सरकार का संकल्प और सशक्त होगा।

उल्लेखनीय है कि केंद्रीय मंत्री श्री चौहान कल 13 मई को अम्बिकापुर में आयोजित ÷मोर आवास मोर अधिकार÷ कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में श्री चौहान प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण और पीएम जनमन के आवास हितग्राहियों को खुशियों की चाबी देंगे तथा आवास निर्माण प्रारंभ करने वाले हितग्राहियों का भूमिपूजन कर उन्हें आवास स्वीकृति पत्र प्रदान करेंगे। केंद्रीय मंत्री श्री चौहान राज्य में नवनिर्मित 51 हजार प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों का गृह प्रवेश करवाएंगे। इसके साथ ही वे उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्व सहायता समूह की दीदियों, लखपति दीदियों को सम्मानित भी करेंगे। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव, उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा, कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम, वनमंत्री श्री केदार कश्यप, वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

## मकान का सपना साकार कर रही मोदी सरकार: किरण



■ प्रधानमंत्री आवास योजना गृह प्रवेश कार्यक्रम में शामिल हुई जिपं अध्यक्ष किरण वैष्णव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया, 13 मई।** खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम नवागांव (पिनकापार) में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत दो हितग्राहियों का गृह प्रवेश का कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव शामिल हुई।श्रीमती किरण वैष्णव ने कहा कि कहा कि प्रधानमंत्री अवास योजना ग्रामीण के माध्यम से लाखों परिवारों का अपने घर का सपना पूरा हुआ है। इसी संकल्प को आगे बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की नेतृत्व वाली छत्तीसगढ़ सरकार सुनिश्चित कि हर पात्र परिवार को सुरक्षित, सम्मानजनक जीवन एवं पक्का आवास ज़रूर मिले इसके लिए दृढ़ संकल्पित है। यह सिर्फ एक मकान नहीं, बल्कि गरीबों के आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता की पहचान है। ग्राम नवागांव पिनकापार में 138 लोगो का प्रधानमंत्री आवास स्वीकृति हुआ है। हर गरीब परिवार का सपना होता है कि उनका खुद का पक्का मकान हो आज इस सपने को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी व हमर छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री आदरणीय विष्णु देव साय जी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार साकार कर रही है।इस अवसर पर भाजपा मंडल मंत्री अशोक मरकाम, जनपद सदस्य रेखा गन्धर्व, मंशाराम कंवर सरपंच,गीता लाल यादव,राकेश कुमार धनकर (उप सरपंच),अनुप सहारे, मकुन्द कंवर.रामदेव,नोहर सेन, एवं अन्य की गरिमा में उपस्थिति रही।

## महापौर मधुसूदन ने 10वीं की टॉपर छात्रा भव्या साहू से की सौजन्य भेंट



**राजनांदगांव, 13 मई।** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं महापौर राजनांदगांव मधुसूदन यादव ने कक्षा 10वीं में 97.17 प्रतिशत अंकों के साथ राजनांदगॉव जिले की संयुक्त रूप से प्रथम स्थान पर रहीं छात्रा कु. भव्या साहू आत्मज श्री चतुर साहू एवं उनके परिजनों से पैतृक ग्राम बोदेला स्थित निज निवास पर सौजन्य भेंट की और छात्रा भव्या साहू को उज्जवल भविष्य के लिये शुभकामनाएँ दी। इस दौरान महापौर के साथ शिक्षक सत्येन्द्र देवांगन एवं स्थानीय ग्रामवासी भी उपस्थित रहे। प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष ने छात्रा भव्या साहू से उनकी भविष्य की आकांक्षाओं के बारे में जानकारी ली और उसे भविष्य में भी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिये प्रोत्साहित किया। उन्होंने छात्रा के परिजनों को भी बधाई देते हुए उन्हें इस सफलता का हकदार बताया और कहा कि परिवार में प्रोत्साहन एवं अनुकूल वातावरण प्रदान करने से ही बच्चें सफलता की सीढ़ी पर अग्रसर होते हैं।

## झूठी वाहवाही के लिए सरकारी धन का अपव्यय, सुशासन तिहार ढकोसला: यादव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**डोंगरगांव, 13 मई।** जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री व जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव ने भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के द्वारा चलाए जा रहे सुशासन तिहार को जनता जनार्दन के साथ एक ढकोसला बताते हुए कहा कि चुनाव पूर्व भाजपा द्वारा किए गये झूठे वायदों एवं जन समस्याओं के निराकरण हेतु पूरे प्रदेश में सुशासन तिहार मनाया जा रहा है, इस तिहार में ग्रामीण जनता को भ्रमित कर जनपद पंचायत और राजस्व विभाग के अधिकारी गण बुला रहे है , समस्याओं के निराकरण की जगह पर सिर्फ आश्वाशन दिया जा रहा है, समस्याओं के निराकरण करने में अधिकारी और भाजपा नेताओं की दिलचस्पी दिखाई नहीं दे रही है, सिर्फ अपना स्वागत और झूठी तारीफ करवाकर मुख्यमंत्री का यशोगान अधिकारी कर रहे है, कांग्रेस पार्टी के सरपंचों को मंच से दरकिनार किया जा रहे उनके गांव की समस्याओं को दरकिनार किया जा रहा है, जहां जहां भाजपा समर्थित सरपंच जीते है उन्हीं बड़े गांवों में शिविर का आयोजन कर आसपास के लगभग 12 गांवों के ग्रामीणों को समस्याओं के तत्काल निराकरण करने आमंत्रित किया जा रहा है, कांग्रेसी वरिष्ठ नेताओं को सूचना भी नहीं दी जा रही है ऐसा मनमानी और तानाशाही कर सुशासन तिहार के नाम पर अपनी ढपली अपना राग की कहावत को भाजपा सरकार चरितार्थ कर रही है, ये भाजपा सरकार जनता जनार्दन की गाढ़ी कमाई को सरकारी खजाने से करोड़ों रूपये खर्चा कर धनराशि का अपव्यय कर रही है, अधिकारी शिविर के नाम पर भारी पैमाने पर भ्रष्टाचार कर रहे है, लाखों की संख्या में समस्याओं के निराकरण हेतु आवेदनों का आना सरकार के अधिकारियों और राज्य सरकार की उदासीनता और अकर्मण्यता को प्रदर्शित करता है।

महेंद्र यादव ने आगे कहा कि राज्य में सत्तासीन भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री, मंत्रीगण सहित भाजपा नेताओं के द्वारा गांव गांव में शिविर में जाकर विकाश कार्यों की फर्जी घोषणा कर अपनी वाहवाही लूटने में मदमस्त है, जनता जनार्दन के सुविधा के लिये सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं सहित मनरेगा कार्य, निराश्रित, आवास निर्माण, पानी हेतु बोर खनन, जीर्ण शीर्ण सड़?को का नव निर्माण, ग्रामीण खिलाड़ियों के लिये स्टेडियम निर्माण, ग्रामीण शिक्षित युवाओं और युवतियों के लिये रोजगार उपलब्ध करने सहित सभी महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ मिले।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्राशाही मरीजों को देखने,सुनने वाला कोई नहीं




**छुरिया, 13 मई।** जिले के सबसे बड़े ब्लाक और खुज्जी विधानसभा के सबसे चर्चित कस्बा छुरिया, इसी क्षेत्र ने भाजपा कांग्रेस के कई बड़े छोटे दिग्गज नेता दिए, जो स्थानीय, ब्लॉक, जिले व प्रदेश की राजनीति तक करते है, इस क्षेत्र से स्व. रजिंदरपाल सिंह भाटिया जैसे नेता रहे जो भाजपा की रमन सरकार में मंत्री रहे, इस क्षेत्र मे पूर्व विधायक श्री प्रकाश यादव, पूर्व विधायक इमरान मेमन, पूर्व विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू जैसे मुखर नेता है, इस क्षेत्र मे जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा, नगर पंचायत अध्यक्ष अजय पटेल, भाजपा के मुखर नेता चंद्रिका प्रसाद डडसेना रोमी भाटिया, रविन्द्र वैष्णव, लक्की भाटिया, कांग्रेस नेता चुम्मन साहू, तरूण सिन्हा, विधायक प्रतिनधि राजू सिन्हा, जैसे बहुताये छोटे बड़े कांग्रेस भाजपा के नेता है, जो स्थानीय व छुरिया कस्बे के ग्रामो से है, पर दुर्भाग्य ही है इतने बड़े बड़े नेताओ के रहते ब्लाक मुख्यालय छुरिया का सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मे मरीजो का कोई देखने सुनने वाला नहीं है, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मे बेहतर इलाज के लिए पहुंचने वाले अंचल के ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, मरीजो को समय पर डॉक्टर नही मिलते, कई बार मरीजो को समय पर इलाज नही मिलने से उनकी जान खतरे मे आ जाती है, मजबूरन मरीजो को प्राइवेट डॉक्टरो के क्लिनिक ले जाना पड़ता है, जिससे परिजनों को आर्थिक व मानसिक रूप से परेशान होना पड़ता है, जो परिजन अपने मरीज को प्राइवेट हॉस्पिटल या प्राइवेट क्लिनिक ले जाने मे सक्षम नही रहते उन्हें नर्स और मेडिकल सहायक के भरोसे अपनी जान जोखिम मे डाल कर रुकना पड़ता हैं।



**सुकमा, 13 मई। नगर पालिका सुकमा के वार्ड क्रमांक 03 सम्राट नगर में जल जीवन का कार्य तेजी से चलता हुआ सुकमा नगर पालिका अध्यक्ष हूँगाराम मरकाम एवं नगर पालिका जल संसाधन कार्य पीआईसी सदस्य रंजीत बारठ के निगरानी में कार्य प्रगति में है।**

## समाचार संक्षेप




### आयुक्त ने बारिश के पूर्व वार्ड में साफ-सफाई एवं नाला सफाई का निरीक्षण किया

**राजनांदगांव, 13 मई।** साफ सफाई में गुणात्तम सुधार लाने तथा शहर में चल रहे निर्माण कार्यो को समय सीमा में पूर्ण कराने नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा प्रतिदिन सुबह वार्डो में निरीक्षण कर रहे है। आज उनके द्वारा नंदई,इंदिरा नगर, सृष्टि कालोनी, गौरव पथ में साफ सफाई एवं निर्माण कार्य का जायजा लेकर सफाई में सुधार लाने तथा निर्माण कार्य में गति लाने के निर्देश स्वास्थ्य एवं तकनीकि अधिकारी को दिये। सफाई निरीक्षण में आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने नंदई के गलियो व सडकों की नियमित सफाई कर कचरा उठाने कहा। नंदई में नाला सफाई देख बारिश के पूर्व शहर के सभी नालो की सफाई कराने कहा। उन्होंने कहा कि जहॉ मेनुअल आवश्यकता है, वहॉ गैंग लगाकर एवं बड़े नालो की जे.सी.बी. व चैन माउंटेन से नाला सफाई करावे, जिससे बरसात में पानी भरान की स्थिति निर्मित न हो। सृष्टि कालोनी एवं अटल आवास क्षेत्र में साफ सफाई देख कहा कि कालोनी क्षेत्र में नियमित रूप से डोर टू डोर कचरा संग्रहण कर सत् प्रतिशत युजर चार्ज वसूली करे। निर्माण कार्य निरीक्षण के दौरान आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने सृष्टि कालोनी में क्षतिग्रस्त नाली मरम्मत कराने तथा पुलिया निर्माण करने संबंधित तकनीकि अधिकारी को निर्देशित किए। पाईप लाईन लिकेज पर मरम्मत करने कहा, उन्होंने कहा कि उक्त क्षेत्र के वाल्वमेन वाल खोलने के पश्चात निरीक्षण कर कम पानी आने, पाईप लाईन लिकेज आदि की अधिकारियों को जानकारी देवे। आयुक्त ने एजुकेशन हब निर्माण कार्य का जायजा लिया और रंग रोगन देख कहा कि निर्माण कार्य अंतिम चरण में है, कार्य में गति लाकर शेष कार्य जल्द पूर्ण किया जाए, ताकि शासन की मंशानुरूप विद्यार्थियों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि सभी निर्माण कार्यो की अधिकारी सत्त मानिटरिंग करे एवं समय सीमा में पूर्ण कराना सुनिश्चित करे।

### कमला कालेज में वार्ड नं. 20, 21, 22, 44 व 45 के लिये 14 मई को समाधान शिविर

**राजनांदगांव, 13 मई।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आम जनता को शासन की योजनाओं का लाभ देने उनसे संवाद स्थापित करने तथा उनकी समस्याओ के निराकरण के लिये प्रदेश में सुशासन तिहार 2025 का आयोजन एक माह से किया जा रहा है। जिसके तहत प्रथम चरण नागरिको से समस्या संबंधी आवेदन प्राप्त करने के पश्चात द्वितीय चरण में उसका समाधान कर आवेदको के समस्याओं का समाधान बताने तृतीय चरण में निगम सीमाक्षेत्र के वार्डो में 5 मई से 31 मई 2025 तक प्रातः 10 बजे से संध्या 5 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर में नगर निगम के अलावा अन्य शासकीय विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रह कर आमजनों को उनकी समस्या का समाधान बतायेगे तथा उन्हें राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, ड्राईविंग लायसेंस का वितरण कर अन्य शासकीय योजना का लाभ दिया जायेगा। शिविर के संबंध में निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि समाधान शिविर की कडी में 14 मई बुधवार को वार्ड नं. 20,21,22, 44 व 45 के लिये कमला कालेज में प्रातः 10 बजे से संध्या 5 बजे तक समाधान शिविर लगाया जायेगा। जिसमें उपरोक्त वार्ड के नागरिक जिनके द्वारा अपनी समस्या संबंधी आवेदन दिये है, उनका समाधान बताया जायेगा। साथ ही शासन की योजनाओं का लाभ भी दिया जायेगा। उन्होंने उपरोक्त 5 वार्ड के वार्डवासियों से शिविर में उपस्थित होकर अपनी समस्याओ का समाधान जान, शासन की योजनाओ का लाभ लेने की अपील की है।

### आखिर पकड़ा ही गया नशीली गोलियों का सौदागर

**डोंगरगढ़, 13 मई।** दिगर राज्य के रहने वाले नाशीली गोलियों के सौदागर साजन को डोंगरगढ़ पुलिस ने रंगे हाथ पकड़ने में सफलता प्राप्त की है. इन दिनों डोंगरगढ़ सहित ग्रामीण क्षेत्रों के युवा इस प्रकार की गोलियों का आदी हो रहे है जो सोचनिय विषय है. पुलिस से मिली जानकारी में बताया गया कि 11 मई को डोंगरगढ़ पुलिस को सूचना मिला कि आरोपी दंतेश्वरी पारा डोंगरगढ़ में रहने वाला साजन कुमार कनसारा खैरागढ़ रोड कक्कड़ पेट्रोल पंप के सामने डोंगरगढ़ में अवैध रूप से पैसा कमाने के चक्कर में लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ कर नशीली टेबलेट बेंच रहा है कि सूचना पर डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा तत्काल बताए गए स्थान पर पहुँचकर घेराबंदी कर आरोपी साजन कुमार कनसारा पिता गंगाराम कनसारा उम्र- 35 वर्ष निवासी दंतेश्वरी पारा वार्ड न0- 02, बंशी किराना स्टोर के मकान डोंगरगढ़, थाना डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव छ0ग0 स्थायी पता- ग्राम सबोर, ठठेरीटोला, पोस्टथाना सबोर जिला भागलपुर बिहार को एक थैला के अन्दर में रखे नशीली टेबलेट 10 कुल 20 पत्ता प्रत्येक पत्ता में 10 नग टेबलेट कुल- 200 नग एवं बिक्री नगदी रकम 500/-रू0 के साथ व उसके पास से 500/-रू0 नगदी तथा एक नग पुराना सैमसंग मोबाईल किमती- 5000/-रू0 जप्त कर पकड़ा गया। पुलिस ने नशे की गोलियों के सौदागर साजन कनसारा के खिलाफ अवैध रूप से धन अर्जन करने हेतु शासन द्वारा प्रतिबंधित नशीली दवाई टेबलेट का बिक्री करने के विरूद्ध धारा- 21(ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया गया है। पुलिस का दावा है कि नशीली दवाई बिक्री करने वालों पर पुलिस की पैनी नजर है और ऐसे लोगों को बक्शा नहीं जायेगा और कार्यवाही जारी रहेगी।




### मिशन जल रक्षा जैसे निरंतर प्रयास जिले के लिए सार्थक पहल सिद्ध होंगे: डॉ. रमन

**राजनांदगांव, 13 मई।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज जनपद पंचायत राजनांदगांव के ग्राम पंचायत टेड़ेसरा में आयोजित सुशासन तिहार अंतर्गत आयोजित समाधान शिविर में शामिल हुए। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने मिशन जल रक्षा के तहत किए जा रहे परकोलेशन टैंक एवं इंजेक्शन वेल निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने परकोलेशन टैंक एवं इंजेक्शन वेल कार्यप्रणाली के संबंध में जानकारी ली और जिले में जल संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की। विधानसभा अध्यक्ष ने संरचनाओं का अवलोकन कर स्थानीय ग्रामीणों एवं अधिकारियों से संवाद करते हुए कहा कि अब केवल जल का उपयोग पर्याप्त नहीं है। हमें जल संरक्षण और भूजल पुनर्भरण की दिशा में भी सतत प्रयास करते रहना होगा। यह अभिनव तकनीक का मॉडल दर्शाता है कि राशि के सही उपयोग एवं तकनीकी माडल पर प्रयास किए जाएं तो इस प्रकार की संरचनाएं आने वाले समय में जल संकट से राहत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने संरचना के संबंध में तकनीकी जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि ग्राम टेड़ेसरा में नेशनल हाईवे के पास निर्मित परकोलेशन टैंक में एक विशेष तकनीकी व्यवस्था की गई है। जिसमें हाईवे के क्रॉस ड्रेनेज से आने वाला वर्षा का जल संग्रहित कर एक साथ के माध्यम से परकोलेशन टैंक तक लाया जाता है। यहां यह जल फिल्टर होकर इंजेक्शन वेल के माध्यम से सीधे भू-गर्भीय जल स्तर को पुनः रिचार्ज करता है। इस व्यवस्था के माध्यम से न केवल वर्षा जल का संरक्षण संभव हुआ है, बल्कि सूखते जल स्रोतों को भी पुनर्जीवित करने की दिशा में एक सशक्त कदम उठाया गया है। विधानसभा अध्यक्ष के प्रयासों से हाल ही में जिले में 46 नए स्थानों पर बोर खनन हेतु प्राधिकरण मद से स्वीकृति प्राप्त हुई है।

# शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ जनसामान्य को दिलाने किया जा रहा लगातार कार्य: डॉ. रमन सिंह




**राजनांदगांव 13 मई।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज जनपद पंचायत राजनांदगांव के ग्राम पंचायत टेड़ेसरा में आयोजित सुशासन तिहार अंतर्गत आयोजित समाधान शिविर में शामिल हुए। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने लगभग 1 करोड़ 21 लाख रूपए के 22 कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। उन्होंने 19 लाख हजार रूपए की लागत के नलकूप खनन हस्तपंप निर्माण कार्य, 11 लाख 30 हजार रूपए की लागत के हाई मास्क लाईट उच्चतर माध्यमिक शाला निर्माण कार्य, 38 लाख 95 हजार रूपए की लागत के हाट बाजार विकास कार्य, देवगुडी, मंच निर्माण व व्यवसायिक परिसर निर्माण कार्य, 26 लाख रूपए लागत के सायकल स्टैण्ड व स्मार्ट बोर्ड उच्चतमर माध्यमिक शाला निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि आज प्रदेश व्यापी सुशासन तिहार अंतर्गत आयोजित समाधान शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत 565 आवास स्वीकृत हुए है। जिसके लिए सभी उन्होंने ग्रामवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। ग्राम टेड़ेसरा के लिए 53 शौचालय निर्माण, 58 आयुष्मान कार्ड, 151 राशन कार्ड का वितरण किया गया है। उन्होंने कहा कि आज लगभग 1 करोड़ 22 लाख रूपए के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया गया है। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार अंतर्गत सबसे ज्यादा मांग प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मिली है। जिसे 1 से 2 वर्षों में सभी आवासों को पूर्ण करने का कार्य करना है। उन्होंने ग्राम टेड़ेसरा के लिए नये पंचायत भवन की स्वीकृति दी तथा 16 लाख रूपए की लागत से गौरव पथ निर्माण, 3 लाख रूपए की लागत से सांस्कृतिक भवन का निर्माण, 3 लाख रूपए की लागत से सीसी रोड निर्माण की स्वीकृति दी। उन्होंने कहा कि इस समाधान शिविर के माध्यम से जनसामान्य की समस्याओं का समाधान हो रहा है। शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ जनसामान्य को मिले, इसके लिए लगातार कार्य किया जा रहा है।

## संपादकीय

# बहुत हो गया अब एक हमला भी बर्दाश्त नहीं

वक्त के साथ देश का राजनीतिक नेतृत्व बदलता है तो देश की राजनीति बदलती है, देश की विदेश नीति बदलती है। देश साफ साफ यह कहने की स्थिति में आता है कि बहुत हो गया,अब देश एकआतंकवादी हमला बर्दाश्त नहीं करेगा। पाकिस्तान को सुधरने का कई मौका भारत दे चुका है लेक्निन पाकिस्तान नहीं सुधरा। उसने भारत के संयमित व्यवहार को कमजोरी समझ लिया और सोच लिया कि भारत पाकिस्तान का कुछ नहीं बिगाड़ सकता क्योंकि पाकिस्तान एक परमाणु शक्ति संपन्न देश है और उस पर हमला किया गया तो वह परमाणु बम का उपयोग कर सकता है। 2014 के पहले भारत भी पाकिस्तान से डरता था कि वह कहीं परमाणु बम का इस्तेमाल न कर दे। इसके साथ ही अमरीका भी इस बात से डरता था कि पाकिस्तान कहीं गुस्से में परमाणु बम का इस्तेमाल न कर दे। सब डरते थे,सबने मान लिया कि पाकिस्तान डरा रहा है तो डरते रहो, इसलिए किसी ने सोचा नहीं कि पाकिस्तान को कैसे डराया जा सकता है।2014 के बाद पीएम मोदी के आए तो भी पाकिस्तान के वही डराने का सिलसिला जारी रहा। इसी दौरान पीएम मोदी ने सोच लिया कि पाकिस्तान से डरने की जरूरत नहीं है, उसको डराने की जरूरत है।यह सोच लिया कि कैसे डराया जा सकता है। पाकिस्तान ने मोदी के आने के बाद दो बार बड़ा आतंकवादी हमला किया। पीएम मोदी ने पाकिस्तान के आतंकवादी हमले का जवाब पहली बार सबूत पेश करने तथा दुनिया को बताने की जगह एक बार सर्जिकल स्ट्राइक से दिया और दूसरी बार एयर स्ट्राइक से दिया। यह पाकिस्तान को संदेश था कि अब भारत पहले वाला भारत नहीं है। अब भारत एक मजबूत भारत है और वह अपने यहां होने वाले आतंकवाद का जवाब देना जानता है। अभी जो जवाब दिया जा रहा है, वह ट्रेलर है। पाकिस्तान को संदेश है कि वह सुधर जाए। साथ ही भारत ने इस बात की पूरी तैयारी की कि पाकिस्तान को कैसे डराया जा सकता है और पाकिस्तान के हमले के दौरान अपने देश व देश के लोगों की रक्षा कैसे की जा सकती है, इसकी पूरी तैयारी की। इसके लिए जो भी सैन्य उपकरण जरूरी थे, वह सब पीएम मोदी ने अमरीका के विरोध के बाद भी खरीदे। देश के भीतर से इसका विरोध भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर किया गया। मतलब पाकिस्तान, बडे देश और देश के भीतर की राजनीतिक ताकतें नही चाहते थे कि मोदी देश की सेना मजबूत कर सके। इतना मजबूत कर सकें कि वह पाकिस्तान को डरा सके और पाकिस्तान के भीतर तक घुस कर वार कर सके। चीन की आंख में आंख मिलाकर बात कर सके। पीएम मोदी ने रूस, फ्रांस, अमरीका,इजरायल आदि देशों से दस साल में बहुत सारे हथियार खरीदे। भारत को इतना मजबूत किया कि वह दुश्मनदे के भीतर घर कहीं भी मार सके। यह क्षमता भारत को हासिल हुई तो पीएम मोदी फैसला किया अब पाकिस्तान को डराने का वक्त आ गया है। पाकिस्तान ने पहलगाम में 26 टुरिस्टों की धर्म पूछकर हत्या की और पीएम मोदी ने वह किया जो किसी ने सोचा नहीं था।

उन्होंने पहले से तय कर लिया था कि इस बार पाकिस्तान यदि आतंकवादी हमला करेगा तो भारत किसी विश्व के किसी मंच में जाकर शिकायत नहीं करेगा. किसी से नहीं पूछेगा कि उसे क्या करना चाहिए। उसे जो पाकिस्तान के भीतर घुस कर करना है, करेगा। भारत ने पहलगाम घटना के 15 दिन 100 प्रतिशत सफलता वाली तैयारी की।7 मई को पाकिस्तान के पंजाब व पीओके में स्थित आतंकवादियों के मुख्यालय व अहम ठिकानों को एक साथ निशाना बनाया और एयर स्ट्राइक कर उड़ा दिया और कार्रवाई के बाद पहले उसने किसी को नहीं बताया कि वह क्या करने वाला है लेकिन कारवाई के बाद बताया कि उसने पाकिस्तान के भीतर बने आतंकवादियों के मुख्यालय व अहम ठिकानों को निशाना बनाया है। साथ ही यह भी बता दिया यह आपरेशन सिंदूर है और आतंकियों के खिलाफ है, यह पाकिस्तान के खिलाफ युध्द नहीं है। पाकिस्तान में रहने वाले आतंकी संगठनों के आतंकियों ने भारत के पहलगाम में भारतीयों की हत्या की है, इसलिए आतंकियों के ठिकानों को नष्ट करना और आतंकियों को मारना उसका अधिकार है। पीएम मोदी ने सोच समझकर आतंकियों के खिलाफ आपरेशन सिंदूर शुरू किया, वह चाहते तो उसे पाकिस्तान के खिलाफ युध्द भी कह सकते थे लेकिन वह जानते थे कि इससे पाकिस्तान को मौका मिलेगा यह कहने का युध्द तो भारत ने पाकिस्तान के पंजाब व पीओके पर हमला कर किया है। मोदी जानते थे पाकिस्तान आपरेशन सिंदूर चलाने पर भारत पर हमला करेगा और भारत को मौका मिलेगा यह कहने का कि पाकिस्तान ने भारत पर हमला कर युध्द की शुरुआत की है। ऐसे में भारत को पाकिस्तान के हमले के जवाब में भारत को जवाबी सैन्य कार्रवाई करने का मौका मिलता और उसे कोई रोक नहीं सकता था। पीएम मोदी ने ऐसा जाल बुना जिसमें पाक्स्तिान को फंसना ही था। पाकिस्तान ने आपरेशन सिंदूर के जवाब में भारत के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाकर पहली गलती की। भारत को जवाबी कार्रवाई का मौका दिया। भारत तो इंतजार कर रहा था कि कब पाकिस्तान पर जवाबी कार्रवाई का मौका मिले और पाकिस्तान को बताये कि भारत के सैन्य ताकत क्या है। भारत ने मात्र तीन दिन में पाकिस्तान के कई प्रमुख शहरों के एयर डिफेंस सिस्टम के नष्ट कर पाकिस्तान के मुख्य 11 एयर बेस को निशाना बनाया, और बहुत नुकसान पहुंचाया। इनमें से एक एयरबेस में पाकिस्तान के एटमी हथियार भी रखे हुए थे, उसको भी हल्का सा नुकसान पहुंचाकर संदेश दिया कि इसको हम उड़ा भी सकते लेकिन छोड़ रहे है ताकि पाकिस्तान को समझ में आए की भारत अब डरे वाला देश नहीं है, वह डराने वाला देश है, भारत ने पहली बार पाकिस्तान के एटमी हथियार रखे एयरबेस पर हमला कर पाकिस्तान को तो डराया ही साथ ही पाकिस्तान का खुले व छिपे तौर पर सहयोग करने वाले देशों को भी बता दिया कि पाकिस्तान से कहें वह अपनी हद में रहे और भूलकर भी भारत पर आतंकवादी हमला या सैन्य हमला न करे। नहीं तो भारत उन सभी ठिकानों को पाकिस्तान की सीमा में घुसे बगैर भी नष्ट कर सकता है। कई लोग नाराज हो रहे थे कि पीएम मोदी ने सैन्य कार्रवाई क्यों रोकी है,पीओके हासिल क्यों नहीं किया। बलुचिस्तान को आजाद कराने में मदद क्यों नहीं की। मोदी को पता है कि उनको कब क्या करना है,देश के लोगों को पीएम मोदी पर भरोसा करना चाहिए। वह जानते हैं किस काम को कैसे करना है।

कोहली का टेस्ट संन्यास

# क्रिकेट के सबसे महान अध्यायों में से एक

**डॉ सत्यवान सौरभ**



विराट कोहली, जिन्हें आधुनिक क्रिकेट के महानतम खिलाड़ियों में से एक माना जाता है, ने 21वीं सदी में क्रिकेट खेलने का तरीका ही बदल दिया। उनके आक्रामक बल्लेबाजी, प्रेरणादायक नेतृत्व और खेल के प्रति निष्ठा ने क्रिकेट को एक नई दिशा दी। उनकी यात्रा केवल व्यक्तिगत उपलब्धियों की नहीं बल्कि भारतीय क्रिकेट की वह प्रक्रिया है, जहां टीम की मानसिकता, दृष्टिकोण और दृष्टि उनके नेतृत्व में विकसित हुई।

**संक्रमण के दौर में एक पथप्रदर्शक**-जब विराट कोहली ने 2011 में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था, तब किसी ने नहीं सोचा था कि वे क्रिकेट की दुनिया में इतनी बड़ी छाप छोड़ेंगे। उस समय भारत क्रिकेट के एक संक्रमण काल से गुजर रहा था। दिग्गज खिलाड़ी जैसे सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़ और वीवीएस लक्ष्मण के संन्यास के बाद भारत को एक नए नेता की आवश्यकता थी, और कोहली ने इस जिम्मेदारी को पूरी तरह से निभाया। कोहली का क्रिकेट में प्रवेश आक्रामकता और सफलता की इच्छा से भरा था। पहले के खिलाड़ियों की तुलना में जो अधिक संयमित और नियंत्रित थे, कोहली का खेल तरीका एकदम अलग था। उन्होंने क्रिकेट के नियमों को तोड़ा और अपने आक्रामक खेल, फिटनेस के प्रति समर्पण और उत्कृष्टता की आकांक्षा से भारतीय क्रिकेट को नई दिशा दी। जल्दी ही भारतीय टीम फिटनेस और आक्रामकता के एक नए युग का प्रतीक बन गई और कोहली इस बदलाव के सिरमौर थे।

**टेस्ट क्रिकेट में महारत**-विराट कोहली का टेस्ट क्रिकेट में रिकॉर्ड स्वयं में एक मिसाल है। 27 टेस्ट शतक के साथ, वे वर्तमान में टेस्ट क्रिकेट में सबसे अधिक शतक बनाने वाले खिलाड़ियों में से एक हैं। भारत के लिए, वे सचिन तेंदुलकर के बाद दूसरे स्थान पर हैं। 8,000 से अधिक टेस्ट रन और अद्वितीय औसत के साथ, उन्होंने क्रिकेट के इस सबसे कठिन प्रारूप में खुद को साबित किया है। लेकिन कोहली की महानता केवल उनके आंकड़ों में नहीं, बल्कि इस बात में भी है कि उन्होंने टेस्ट क्रिकेट को कैसे पुनः परिभाषित किया। उस दौर में जब तेज गेंदबाज और चुनौतीपूर्ण पिचें अक्सर प्रमुख रहती थीं, कोहली ने बिना किसी डर के अपने कौशल का परिचय दिया। चाहे इंग्लैंड की स्विंग करती पिचें हो या भारत की स्पिनिंग पिचें, कोहली ने हर चुनौती का सामना किया। उनकी यात्रा 2014 में एक महत्वपूर्ण मोड़ पर पहुंची, जब उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ खराब प्रदर्शन के बाद खुद को और बेहतर बनाने का फैसला किया। उन्होंने अपने खेल में लगातार सुधार किया और अब वे टेस्ट क्रिकेट के सबसे सशक्त बल्लेबाजों में से एक माने जाते हैं। कोहली ने न केवल रन बनाए, बल्कि उन्होंने टेस्ट क्रिकेट के लिए एक नया मानक स्थापित किया।

**नेतृत्वः मैदान पर और मैदान के बाहर एक क्रांति**-कोहली का व्यक्तिगत प्रदर्शन भले ही अद्वितीय हो, लेकिन उनका नेतृत्व ही उनकी असली धरोहर है। 2017 में, कोहली ने भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी संभाली और



महेन्द्र सिंह धोनी से यह जिम्मेदारी ली। कोहली के नेतृत्व में भारत ने टेस्ट क्रिकेट में एक मजबूत और सफल टीम के रूप में पहचान बनाई। उनकी कप्तानी में भारत ने क्ढउ टेस्ट रैंकिंग में नंबर 1 का स्थान लंबे समय तक बरकरार रखा। कोहली की कप्तानी में भारत ने 2018 में ऑस्ट्रेलिया में अपनी पहली टेस्ट सीरीज जीत हासिल की, जो भारतीय क्रिकेट के इतिहास में एक मील का पत्थर साबित हुई। उनकी कप्तानी में भारत ने लगातार शानदार प्रदर्शन किया, चाहे वह ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड या वेस्ट इंडीज की धरती हो। उनका नेतृत्व न केवल रणनीतिक था, बल्कि उन्होंने भारतीय क्रिकेट टीम में व्यक्तिगत जिम्मेदारी और जवाबदेही का भी माहौल बनाया। कोहली का नेतृत्व भारतीय क्रिकेट को नई ऊंचाइयों तक लेकर गया।

**टेस्ट क्रिकेटः कोहली की कठोरता की पहचान**-टेस्ट क्रिकेट का असली उद्देश्य धैर्य, तकनीक और मानसिकता की परीक्षा लेना है। यह एक खिलाड़ी की चरित्र की वास्तविक परीक्षा होती है। कोहली ने बार-बार यह साबित किया कि उनके पास टेस्ट क्रिकेट में सफल होने की सारी क्षमताएं हैं। उनका समर्पण इस प्रारूप के प्रति हमेशा स्पष्ट था। कुछ क्रिकेटर जहां टी20 लीग और वनडे क्रिकेट की ओर आकर्षित होते हैं, वहीं कोहली ने हमेशा टेस्ट क्रिकेट को प्राथमिकता दी। इस खेल में उनकी उपस्थिति यह सुनिश्चित करती थी कि भारत हमेशा एक मजबूत बल्लेबाज के साथ मैदान में उतरे। कोहली के सबसे महत्वपूर्ण योगदानों में से एक उनकी कठिन परिस्थितियों में बनाए गए शतक हैं। 2014 में एडिलेड में उनका शतक एक बेहतरीन उदाहरण है, जहां उन्होंने भारतीय टीम की गिरावट के बीच अपनी अद्वितीय बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। इसी तरह दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के खिलाफ उनके शतक उनके टेस्ट क्रिकेट में अपार योगदान को दर्शाते हैं। लेकिन यह सिर्फ रन बनाने की बात नहीं थी। कोहली ने टेस्ट क्रिकेट को खेलने के तरीके में भी बदलाव किया। उनका मानना था कि टेस्ट क्रिकेट को उत्साह और उद्देश्य के साथ खेलना चाहिए। उनका मानसिकता हमेशा यह थी कि टेस्ट क्रिकेट खेल का सबसे शुद्ध रूप है, और उनका लक्ष्य था कि वे इसमें जितना हो सके योगदान दें। यही कारण है कि जब वे अपने टेस्ट करियर से विदाई ले रहे हैं, तो यह उनके खेल के प्रति उनकी गहरी श्रद्धा और सम्मान को दर्शाता है।

**कोहली का प्रभावः आंकड़ों से कहीं बढ़कर**-जब विराट कोहली टेस्ट क्रिकेट से विदा ले रहे हैं, तो इसे केवल उनके आंकड़ों में ही नहीं देखा जाना चाहिए। उनका वास्तविक प्रभाव भारतीय क्रिकेट की संस्कृति पर था। जब कोहली ने भारतीय टीम की कप्तानी संभाली, तो उन्होंने क्रिकेट के प्रति खिलाड़ियों के दृष्टिकोण में एक क्रांति ला दी। उनकी फिटनेस पर जोर, कड़ी मेहनत की प्रतिबद्धता और हर छोटी-से-छोटी बात पर ध्यान देने का तरीका यह दर्शाता है कि उन्होंने भारतीय क्रिकेट को एक नई दिशा दी। उनका प्रभाव भारतीय क्रिकेट की युवा पीढ़ी पर गहरा था, जो आज भी उनकी प्रतिबद्धता और आक्रामकता से प्रेरित होकर खेल में उत्कृष्टता प्राप्त करने की कोशिश कर रही है। कोहली केवल एक क्रिकेटर नहीं हैं, बल्कि एक ब्रांड, एक आदर्श और खेल के प्रति एक मिशन के प्रतीक हैं। उन्होंने यह सिद्ध किया कि केवल अच्छा क्रिकेट खेलने से ही सफलता नहीं मिलती, बल्कि आपको समर्पित, केंद्रित और महानता की ओर लगातार बढ़ते रहना पड़ता है। उनका मानसिक धैर्य और कार्य नैतिकता भविष्य की पीढ़ियों के लिए मानक बन गया है।

**एक महानता को अलविदा**-विराट कोहली का टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेना एक युग का अंत है। उनके योगदान, उनके नेतृत्व और उनके खेल के प्रति समर्पण को आने वाली पीढ़ियां हमेशा याद रखेंगी। कोहली के संन्यास के बाद, क्रिकेट की दुनिया उनकी आक्रामकता, उनकी तीव्रता और उनकी शानदार क्रिकेट बुद्धिमत्ता को याद करेगी। लेकिन जो कुछ भी बचा रहेगा, वह यह है कि एक खिलाड़ी ने केवल अपने रन ही नहीं बनाए, बल्कि भारतीय क्रिकेट को एक नई पहचान दी। कोहली ने जो काम किया, वह न केवल आंकड़ों में है, बल्कि उस भावना में है जिसे उन्होंने भारतीय क्रिकेट टीम में डाला। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि भारत का नाम टेस्ट क्रिकेट में हमेशा सबसे ऊपर रहे। विराट कोहली को टेस्ट क्रिकेट में अलविदा, एक ऐसी धरोहर छोड़ते हैं जो आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी।

## आज का राशिफल

**मेष**-आज का दिन आपके लिए तनावग्रस्त रहने वाला है। आपको किसी सरकारी क्षेत्र में अपार सफलता मिलेगी, लेकिन यदि आप किसी काम को लेकर जल्दबाजी दिखाएंगे, तो उसमें कोई गड़बड़ी अवश्य होगी। किसी दूर रह रहे परिजन से आपको कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिल सकती है। आपकी संतान भी आपको किसी बात के लिए धोखा दे सकती है, जिससे आपकी टेंशन और बढ़ेगी। आपने किसी को धन उधार दिया था, तो उसे मिलने में आपको समस्या आ सकती है।

**वृषभ**-आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहने वाला है। नौकरी में कार्यरत लोगों को कार्यक्षेत्रमें कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। भगवान की भक्ति में आपका खूब मन लगेगा। दान धर्म के कार्यों में भी आप बढ़चढ़कर हिस्सा लेंगे। अपने यदि किसी से कोई वादा किया था, तो उसे आपको समय रहते पूरा करने की आवश्यकता है। आपकी कोई बात परिवार में कोई वाद-विवाद खड़ा करा सकती है, इसलिए आप अपनी वाणी पर संयम रखकर कोई बात बोले।

**मिथुन**-आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। किसी नए काम की शुरूआत करने के लिए आप मेहनत भी अधिक करेंगे। भागदौड़ लगी रहेगी। आप अपने घर और बाहर दोनों जगहों के कामों में संतुलन बनाकर रखें, लेकिन आप किसी को धन उधार देने से बचें। किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद के लिए आप आगे आएंगे। आपको पार्टनरशिप में कोई धोखा होने की संभावना है। आप अपने साथी की जरूरतों का पूरा ध्यान देंगे, जिससे दोनों के बीच आपसी प्रेम बना रहेगा।

**कर्क**-आज का दिन आपके लिए भागदौड़ से भरा रहने वाला है। आपको यदि किसी बात को लेकर कोई टेंशन थी, तो उसमें आपके परिवार के सदस्यों का पूरा साथ मिलेगा, लेकिन आपको जीवनसाथी के भावनाओं का सम्मान करना होगा। आप अपने काम के साथ-साथ अपने खानपान पर भी पूरा ध्यान दें, क्योंकि आपको कुछ मौसमी बीमारियां अपनी चपेट में ले सकती हैं। आप यदि किसी काम को लेकर यात्रा पर जा रहे थे, तो वाहन की अकस्मात खराबी के कारण आपका धन खर्च बढ़ सकता है।

**सिंह**-आज का दिन आपके लिए इनकम को बढ़ाने वाला रहेगा। आपके कामकाज में वृद्धि होगी। कोर्ट-कचहरी से संबंधित मामले में आपको जीत मिलेगी। प्रेम जीवन जी रहे लोग लोगों की अपने साथी से मुलाकात हो सकती है। सामाजिक कार्यक्रमों में आपको कुछ नए लोगों से मिलने का मौका मिलेगा। आपकी बिजनेस में कोई डील फाइनल होते-होते रह सकती है, जो आपको समस्या देगी। आप अपनी किसी बात को गुप्त रखें, नहीं तो वह उजागर हो सकती है।

**कन्या**-आज आपको अपने ईर्षालु और झगड़ालू शत्रुओं से सावधान रहना होगा। आज आपकी पद-प्रतिष्ठा बढ़ेगी और कोई कानूनी मामला आपके लिए समस्या बन सकता है। आज आपको किसी अजनबी पर भरोसा करने से नुकसान होगा। परिवार में यदि कोई बात भी हो तो आप उसे उसमें चुप रहने की कोशिश करें। आज आपकी कला-कौशल में सुधार आएगा और आपके नेतृत्व क्षमता बढ़ेगी। आप किसी नए वाहन की खरीदारी कर सकते हैं।

**तुला**-आज का दिन आपके लिए तरक्की की राह पर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। आपको एक के बाद एक खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। बिजनेस में भी आपकी कोई योजना यदि रुकी हुई थी, तो फिर से इसकी शुरूआत हो सकती है। संतान को आप किसी नए कोर्स में दाखिला दिला सकते हैं। आपका बेवजह खर्च होगा, जो आपकी टेंशनों को थोड़ा बढ़ाएगा। आपको सेहत के प्रति भी सचेत रहने की आवश्यकता है। आपके कार्यक्षेत्र में महिला मित्रों से सावधान रहने की आवश्यकता है।

**वृश्चिक**-आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आप दिखावे के चक्कर में पड़कर कामों में कोई गड़बड़ी कर सकते हैं। आपको कुछ अनजान लोगों से दूरी बनाकर रखना होगा। बच्चों की सेहत के प्रति आप सचेत रहें। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। आपको यदि पारिवारिक बिजनेस में कुछ समस्याएं आ रही थी, तो उसके लिए आप अपने भाइयों से बातचीत कर सकते हैं। आपकी कार्यक्षेत्र में अपने बॉस से बेवजह खटपट होने की संभावना है, इसलिए आप किसी की कहीसुनी बातों का भरोसा ना करें।

**धनु**-आज का दिन आपके लिए इनकम को बढ़ाने वाला रहेगा। कारोबार के सिलसिले में आप छोटी दूरी की यात्रा पर जा सकते हैं। अध्यात्म के कार्यों में आपकी काफी रुचि रहेगी। प्रेम जीवन जी रहे लोग अपने साथी से काम को लेकर बातचीत कर सकते हैं। आपको किसी वाद-विवाद में पड़ने से बचना होगा। आपको अपने सगे-संबंधियों का पूरा साथ मिलेगा। राजनीति में कार्यरत लोग अपने कामों से एक नई पहचान बनाएंगे, उनके जन समर्थन में भी इजाफा होगा।

**मकर**-आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। वैवाहिक जीवन में आपसी प्रेम बना रहेगा, क्योंकि आप अपने साथी की बातों को पूरा महत्व देंगे। नौकरी में कार्यरत लोगों को अपने कामों को करने में समस्या आ सकती है। विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा के मार्ग पर प्रशस्थ होंगे। एक साथ कई काम हाथ लगने से आपकी व्याग्रता बढ़ सकती है। आप अपने घर की साफ-सफाई और रख रखाव का भी पूरा ध्यान देंगे। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।

**कुंभ**-आज का दिन आपके लिए करियर में अच्छा अवसर लेकर आने वाला है। आपको एक के बाद एक खुशखबरी सुनने को मिलेगी। आप काम के साथ-साथ बड़े बुजुर्गों की सेवा के लिए भी समय निकालेंगे। बिजनेस कर रहे लोगों का यदि कोई काम रुका हुआ था, तो वह भी पूरा हो सकता है। आपको घर में सुख-शांति बनाए रखने की आवश्यकता है। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई समस्या आने वाली है, क्योंकि उनकी संगति कुछ गलत लोगों में पड़ सकती है।

**मीन**-आज का दिन आपके लिए कोई निर्णय बहुत ही सोच समझकर लेने के लिए रहेगा। आप अपनी बुद्धि और विवेक से निर्णय लेकर काम करेंगे, तो आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आप अत्यधिक फायदे के चक्कर में ज्यादा धन ना लगाएं, नहीं तो इससे आपकी समस्याएं बढ़ेंगी। आपको अपने कामों को लेकर धैर्य और साहस रखने की आवश्यकता है। पारिवारिक मामलों को आप किसी बाहरी व्यक्ति के सामने उजागर न करें। जीवनसाथी को आपकी कोई बात बुरी लग सकती है।

विश्लेषण

# सीजफायर-मोदी की राष्ट्रवाद से यू-टर्न तक की अधूरी कहानी

**अजय कुमार,वरिष्ठ पत्रकार**



भारतीय राजनीति में ऐसे कई क्षण आते हैं जब कोई घटना देश की जनता और सत्ता प्रतिष्ठान के बीच संबंधों को गहराई से प्रभावित करती है। पाकिस्तान पोषित आतंकवादियों द्वारा 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में 26 हिन्दुओं की हत्या भी इसी की एक कड़ी थी,जिसका हिसाब चुकाने के लिये मोदी सरकार ने पाकिस्तान पर कड़ा कूटनीतिक और सैन्य प्रहार किया,जिसकी शुरूआत पाकिस्तान के साथ दशकों पुराने चले आ रहे सिंधु जल समझौते के निलंबन से हुई तो ह्यऑपरेशन सिंदूरह्ण के रूप में भारतीय सेना ने पाकिस्तान में घुस कर ही आतंकवादियों को कब्र में सुला दिया,आपरेशन सिंदूर एक ऐसी ही सैन्य कार्रवाई थी, जो जितनी तेजी से राजनीतिक विमर्श के केंद्र में आई, उतनी ही जल्द वह विवादों और अस्पष्टताओं के भंवर में फंसकर थम गई। यह ऑपरेशन अपने कथित उद्देश्यों के कारण जितना महत्वपूर्ण था, उतना ही इसके अचानक ठहराव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रतिष्ठा पर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए।जब पहलगाम में आतंकियों ने 26 हिन्दुओं को उनका धर्म पूछ कर मारा तो इसका बदला लेने के लिये पूरा देश और विपक्ष मोदी सरकार के साथ खड़ा हो गया।सबने एक सुर में कहा मोदी सरकार जो कार्रवाई करेगी,उसका हम समर्थन करेंगे,प्रधानमंत्री मोदी ने भी सर्वदलीय बैठक बुलाकर सबको संतुष्ट करने में कोई गुरेज नहीं किया,लेकिन जब सीजफायर किया गया तो मोदी सरकार ने किसी से नहीं पूछा। उन विपक्षी नेताओं को भी भरोसे में नहीं लिया जो उनके साथ खड़े हुए थे,यह बात देशवासियों को पसंद नहीं आई। खासकर बीजेपी और मोदी समर्थक भी इस मुद्दे पर बीजेपी और मोदी सरकार के खिलाफ नजर आये। गौरतलब हो ह्यऑपरेशन सिंदूरह्ण की शुरूआत एक गुप्त अभियान के तौर पर हुई थी, जिसका उद्देश्य कथित रूप से कश्मीर घाटी में आतंक के नेटवर्क को समाप्त करना और पाकिस्तान समर्थित तत्वों को निष्क्रिय करना था। इस ऑपरेशन का नाम ह्यसिंदूरह्ण रखने के पीछे भावनात्मक और सांस्कृतिक प्रतीक था। सिंदूर, जो भारत में सुहागिन स्त्रियों का प्रतीक है। माना जा रहा था कि इस ऑपरेशन के तहत सुरक्षाबलों को ह्यफ्री हैंडह्ण दिया गया था, और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल के मार्गदर्शन में इसे अंजाम तक पहुंचाया जाना था। ऑपरेशन के शुरूआती दिनों में कुछ महत्वपूर्ण गिरफ्तारियाँ और सीमावर्ती क्षेत्रों में आतंकी ठिकानों पर हमले हुए भी थे। लेकिन जैसे-जैसे दिन बीते, यह ऑपरेशन धीरे-धीरे मीडिया से गायब होता चला गया। फिर एक दिन ऑपरेशन सिंदूर जिस तरह अचानक शुरू हुआ था, उतनी ही चुप्पी से वह थम भी गया। इसके पीछे कई कारण माने जा रहे हैं,जिसकी चर्चा करना यहां जरूरी है। कहा जा रहा कि संयुक्त राष्ट्र और पश्चिमी देशों ने भारत से मानवाधिकारों को लेकर जवाबदेही की मांग की। अमेरिका और यूरोपीय संघ के प्रतिनिधियों ने अप्रत्यक्ष रूप से भारत से ह्यसंवेदनशीलताह्ण बरतने की अपील की। बात देश के भीतर की कि जोय तो ऑपरेशन के चलते स्थानीय जनता में असंतोष बढ़ने लगा था। स्कूल, कॉलेज बंद होने लगे थे और एक बार फिर घाटी में सुधरते हुए के हालात बिगड़ने लगे थे। मोदी सरकार को आगामी चुनावों में उत्तर भारत के कुछ क्षेत्रों में मुस्लिम मतों को प्रभावित करने की चिंता थी। किसी भी प्रकार की कठोर सैन्य कार्रवाई इस वर्ग को और अलग-थलग कर सकती थी। सूत्रों के अनुसार, ऑपरेशन की रणनीति को लेकर रक्षा मंत्रालय और गृह मंत्रालय के बीच मतभेद थे। कुछ वरिष्ठ अधिकारियों का मानना था कि यह समय पूर्ण सैन्य कार्रवाई का नहीं, बल्कि सूक्ष्म कूटनीतिक प्रयासों का था। बहरहाल,वजह कोई भी हो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अब तक की छवि एक ह्यनिर्णायक और मजबूत नेताह्ण की रही है। 2016 का सर्जिकल स्ट्राइक और 2019 का बालाकोट एयर स्ट्राइक उनके इस रूप की पुष्टि करते हैं। लेकिन ऑपरेशन सिंदूर का अचानक ठहर जाना इस छवि पर धुंध छा जाता है। समर्थकों को लगता है कि सरकार ने एक बार फिर ह्लकठोर कदमह्व की शुरूआत करके अंत में ह्ययू-टर्नह्ण ले लिया। यह एक राजनीतिक चाल अधिक और सुरक्षा नीति कम प्रतीत हुआ। वहीं अभी तक मोदी सरकार के साथ खड़ी कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल अब पूरे घटनाक्रम को ह्यराजनीतिक नौटंकीह्ण करार देते हुए पूछ रहे हैं कि यदि ऑपरेशन जरूरी था तो उसे अधूरा क्यों छोड़ा गया? और यदि नहीं था, तो इसकी शुरूआत क्यों की गई? पूर्व सैनिकों और रक्षा विश्लेषकों ने भी यह सवाल उठाया कि जब सैनिकों को ह्यऑपरेशन मोडह्ण में लाया गया, तो क्या उन्हें केवल राजनीतिक संदेश देने का माध्यम बनाया गया?

उधर, सोशल मीडिया और जमीन पर जनता की प्रतिक्रिया मिली-जुली रही। एक ओर राष्ट्रवाद की भावना से भरपूर वर्ग ने इस ऑपरेशन के प्रति उत्साह दिखाया था, लेकिन जब यह बिना निष्कर्ष के थमा, तो वही वर्ग निराश हो गया। दूसरी ओर, शांति और संवाद की वकालत करने वालों ने राहत की सांस ली, पर यह असमंजस बना रहा कि सरकार ने अंततः क्या निर्णय लिया और क्यों। ऑपरेशन सिंदूर की खबरें जब आईं तो प्रमुख चैनलों ने इसे मिशन कश्मीर 2.0 की संज्ञा दी। पैनल चचाओं में राष्ट्रवाद की लहरें उठीं, लेकिन जैसे ही ऑपरेशन पर कोई आधिकारिक सूचना आनी बंद हुई, मीडिया ने भी चुप्पी साध ली। इससे यह संदेह और गहरा हुआ कि कहीं यह एक प्रायोजित प्रचार तो नहीं था। कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि ऑपरेशन सिंदूर एक प्रतीक बन गया है उस नीति का, जो न तो पूरी तरह सैन्य थी और न ही पूरी तरह कूटनीतिक। इसकी अधूरी परिणति ने यह दिखा दिया कि केवल आक्रामक भाषण और प्रतीकात्मक नामों से जमीनी हकीकत नहीं बदलती। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की छवि पर इस अधूरे ऑपरेशन ने निश्चित रूप से असर डाला है, विशेषकर उस वर्ग में जो उन्हें निर्णायक नेतृत्व का प्रतीक मानता रहा है। आने वाले चुनावों में यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या मोदी इस ह्यहिचकिचाहटह्ण को छिपा पाने में सफल रहते हैं, या यह उनके राजनीतिक विपक्ष के लिए एक नया हथियार बन जाता है।

# भारतीय समाज की विविधिता भी देश की ताकत और शक्ति

आजादी के बाद से भारत के समक्ष कई सामाजिक आर्थिक समस्याएं आई है। अक्सर सामाजिक क्षेत्र में समस्याओं ने अर्थव्यवस्था की उत्तरोत्तर प्रगति पर अवरोध खड़े किए हैं' देश की सामाजिक विषमताओं ने समाज में कई समस्याओं को जन्म दिया है एवं आर्थिक प्रगति पर विभिन्न सोपानों में लगाम लगाई है। भारतीय समाज में विषमता एवं विविधता भारत के लिए एक बड़ी समस्या बनकर सामने खड़ी है। स्वतंत्रता के पूर्व तथा स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारतीय समाज में विषमताएं भारत के लिए चुनौती बनकर वर्तमान में कई बाधाएं उत्पन्न कर रही हैं। आज जातिगत संघर्ष बढ़ गए हैं,जातिगत संघर्षों को राजनीतिक महत्वाकांक्षा ने बहुत क्लिष्ट बना दिया है। राजनीति सदैव महत्वाकांक्षा के बल पर जातिगत समीकरण को नए-नए रूप तथा आयाम देती आई है और सदैव समाज में वर्ग विभेद आर्थिक विभेद कर के अपना उल्लू सीधा करना मुख्य ध्येय बन चुका है। उच्च वर्ग तथा निम्न वर्ग सदैव सत्ता के संघर्ष के लिए न सिर्फ एक दूसरे का परस्पर विरोध करते है बल्कि शासन प्रशासन के विरोध में भी सदैव खड़े पाए गए हैं। सत्ता पाने की लालसा में जातीय संघर्ष, नक्सलवाद तेजी से समाज में पनपता जा रहा है। भारतीय परिपेक्ष में आज सिर्फ जाती ही नहीं धार्मिक महत्वाकांक्षा देश के समाज के समक्ष चुनौती बन गया है। भारत में हिंदू मुस्लिम जाति संघर्ष ऐतिहासिक तौर पर अपनी जड़ें जमां चुका है, वर्तमान में मंदिर और मस्जिद के झगड़े देश में अशांत माहौल पैदा करने का एक बड़ा सबक बन चुके है।और यही वर्ग विभेद संघर्ष भारतीय आर्थिक विकास के बीच एक बड़ा अवरोध बनकर खड़ा है। पश्चिमी विद्वान भी कहते हैं कि भारत के राष्ट्र के रूप में विकसित होने में जाति एवं धर्म ही सबसे बड़ी बाधाएं हैं जिन्हें दूर करना सर्वाधिक कठिन कार्य है क्योंकि इसकी जड़ें भारत के स्वतंत्रता के पूर्व से देश में गहराई लिए हुए हैं। जातीय वर्ग संघर्ष और भाषाई विवाद ऐसा मुद्दा रहा है जिससे लगभग एक शताब्दी तक भारत आक्रांत रहा है। आजादी के बाद से ही भाषा विवाद को लेकर कई आंदोलन हुए खासकर दक्षिण भारत राज्यों द्वारा हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाए जाने एवं देश पर हिंदी थोपे जाने के विरोध में विरोध प्रदर्शनों को प्रोत्साहित किया गया। आज भी विभिन्न राज्यों में भाषाई विवाद एक ज्वलंत एवं संवेदनशील मुद्दा बना हुआ है, चाहे वह बंगाल हो, तमिलनाडु हो, आंध्र प्रदेश हो, उड़ीसा और महाराष्ट्र में भी भाषाई विवाद अलग-अलग स्तर पर सतह पर पाए गए हैं। समान सिविल संहिता को लेकर बहुसंख्यक संविधान में आक्रोश है दूसरी तरफ अल्पसंख्यक समुदाय इसलिए डरा हुआ है कि कहीं उसकी अपनी अस्मिता एवं पहचान अस्तित्व हीन ना हो जाए। स्वतंत्रता के बाद से यह विकास की मूल धारणा थी कि पंचवर्षीय योजनाओं में वर्ग विहीन समाज में लोकतांत्रिक एवं धर्मनिरपेक्ष तरीके से समाज का आर्थिक विकास तथा रोजगार के साधन उपलब्ध हो सकेंगे। पर स्वतंत्रता के 75 साल के बाद भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में वर्ग विभेद भाषाई विवाद ने अभी भी आर्थिक विकास में कई बाधाएं उत्पन्न की है। संविधान में सदैव सकारात्मक वर्ग विभेद एवं विकास की अवधारणा को प्रमुखता से शामिल किया गया था और पंचवर्षीय योजनाओं में भी विकास को वर्ग विभेद से अलग रखकर विकास की अवधारणा को बलवती बनाया गया है। सामाजिक आर्थिक तथा धार्मिक विविधता वाले समाज को विवादों से परे रख आर्थिक विकास की परिकल्पना एक कठिन और दुष्कर अभियान जरूर है पर असंभव नहीं है। और इसी की परिकल्पना को लेकर आजादी के पश्चात से पंचवर्षीय योजनाओं का प्रादुर्भाव सरकार ने समय-समय पर लागू किया है। विकास की अवधारणा में राष्ट्र की मुख्य धारा में समाज के पिछड़े वर्ग को शामिल कर उन्हें सम्मुख लाना होगा। यदि देश के पिछड़ा वर्ग और गरीब तबका विकास की मुख्यधारा से जुड़ता है तो गरीबी, भुखमरी, नक्सलवाद जैसे संकट अस्तित्व हीन हो जाएंगे और ऐसी समस्या धीरे धीरे खत्म होती जाएगी। आवश्यकता यह है कि हमें राष्ट्रवाद को सर्वोपरि मानकर इस पर अमल करना होगा। फिर चाहे वह सांस्कृतिक राष्ट्रवाद हो या समावेशी राष्ट्रवाद हो। समाज की मुख्यधारा में राष्ट्रवाद को एक प्रमुख अस्त्र बनाकर देश की प्रगति में इसका इस्तेमाल किया जाना चाहिए। भारत में आजादी के 75 वर्ष बाद भी ब्रिटिश हुकूमत की तरह गरीबी, भूखमरी ,बेरोजगारी ,नक्सलवाद, आतंकवाद, सांप्रदायिकता,भाषावाद एवं क्षेत्रीय विघटनकारी प्रवृत्तियां सर उठाये घूम रही हैं, हम इन पर अभी तक प्रभावी नियंत्रण नहीं लगा पाए हैं। हमें इन सब विसंगतियों से ऊपर उठकर राष्ट्रीय नागरिकता एवं भारत राष्ट्र की विकास की अवधारणा को राष्ट्रवाद से जोड़कर आर्थिक विकास को एक नया आयाम देना होगा.

# विष्णु के सुशासन में प्रत्येक गांव का होगा विकास:विधायक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**महासमुंद,13 मई।** सुशासन तिहार अंतर्गत 12 मई को महासमुंद विकासखण्ड के ग्राम कोडार में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा मंचासीन थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष दिशा रामस्वरूप दीवान ,जिला पंचायत सदस्य सृष्टि अमर चंद्राकर एवं देवकी पटेल, जनपद सदस्य योगेश्वरी साहू, गजल महिलांग, अंजली परमार, सुधा चंद्राकर, प्रियंका ढीढी, अंजली खैरवार, डिगेश्वरी चंद्राकर, पप्पू पटेल, धरम पटेल, संदीप घोष एवं राजू यादव मौजूद रहे। अंचल के सरपंच गण, अपर कलेक्टर रवि साहू, अनुविभागीय अधिकारी हरिशंकर पैंकरा, जनपद सीईओ बीएस मंडावी भी मौजूद थे। साथ ही विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

यहां 11 पंचायत जोबा, मालीडीह, भोरिंग, अछोली, गढ़ासिवनी, कुकराडीह, खैरझिटी, कौआझर, बेलटूकरी, अछोला, परसाडीह से प्राप्त आवेदनों के निराकरण के लिए समाधान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें आवेदनों का निराकरण किया गया। शेष आवेदनों के निराकरण की कार्यवाही की जा रही है।सर्वप्रथम विधायक एवं जनप्रतिनिधियों ने शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए स्टालों का अवलोकन किया, और उनके विभाग में कितने आवेदन आए और कितने आवेदनों का निराकरण किया गया उसकी जानकारी ली। इस अवसर पर विधायक ने ग्रामवासियों की समस्याओं को तन्यमयतापूर्वक सुनकर निराकरण के निर्देश दिए। शिविर को संबोधित करते हुए विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा के अनुरूप ग्राम पंचायतों के अंतिम व्यक्ति तक समस्या के समाधान के लिए कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री के सुशासन में जिले के सभी गांवों का विकास होगा। विकास कार्य के लिए धन राशि की कमी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सभी वर्गों के हित का ध्यान रख रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास प्लस सर्वे किया जा रहा है,ताकि एक भी पात्र हितग्राही सर्वे सूची में नहीं छूटे और सभी को पक्का आवास मिले। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, आयुष्मान कार्ड, महतारी वंदन योजना अंतर्गत हितग्राही लाभान्वित हो रहे है। विधायक सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की सोच के अनुरूप छत्तीसगढ़ निरंतर विकास की ओर बढ़ रहा है। सभी मांग एक एक करके पूरा करेंगे। उन्होंने श्रम विभाग की योजनाओं का लाभ उठाने की बात कही। कहा कि इस विभाग में अनेक जनकल्याण करी योजनाओं संचालित है। जल्दी ही टोल फ्री नंबर जारी किया जाएगा। ओलावृष्टि के तहत किसानों को जो नुकसान हुआ है उन्हें मुआवजा दिलाया जाएगा ।इसके लिए सर्वे किया जा रहा है। अंचल में बिजली की समस्या का सुधार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नहर नाली के मरम्मत का कार्य प्रारंभ हो रहा है।

विधायक सिन्हा ने विकास कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि महासमुंद क्षेत्र में लहंगर से पीढ़ी मार्ग में 5 करोड़ 23 लाख रुपए की स्वीकृति हो गई है।जल्दी ही टेंडर लगेगा और भूमि पूजन किया जाएगा। इसी तरह पटेवा से रायपुर मार्ग के लिए 11 करोड़, परसाडीह से लहंगर के लिए भी राशि स्वीकृति होने की जानकारी दी। ग्राम साराडीह, बनसिवनी मार्ग, नवापारा से अछरीडीह आदि की स्वीकृति के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने जनता के समक्ष महासमुंद में विकास कार्यों की जानकारी जनता को दी। उन्होंने कहा कि आने वाले 2047 में विकसित छत्तीसगढ़ का सपना पूरा जरूर होगा। महासमुंद का एक एक गांव विकसित होगा। इस अवसर पर विधायक श्री सिन्हा एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा शिविर में 5 हितग्राहियों को प्राथमिकता राशन कार्ड एवं श्रमिक कार्ड, 7 हितग्राहियों को जॉब कार्ड,2 पेंशन स्वीकृति पत्र, 2 हितग्राहियों को स्वच्छ और सुंदर आवास योजना के लिए अभिनंदन पत्र दिया गया। उद्यानिकी विभाग द्वारा छायादार ,फलदार पौध वितरण किया गया। ग्रामवासियों ने शिविर में बड़ी संख्या में भाग लेकर रक्त परीक्षण, ब्लड प्रेशर और मधुमेह की जांच कराई। जांच के उपरांत स्वास्थ्य विभाग द्वारा जरूरतमंदों को आवश्यक दवाइयों का वितरण किया गया। साथ ही,आयुष विभाग के स्टॉल पर मौसमी बीमारियों की रोकथाम हेतु जनसामान्य को आयुर्वेदिक दवाइयाँ उपलब्ध कराई गईं।

# जिले को ड्रॉपआउटमुक्त करने बच्चों की खोज में जुटा प्रशासन



**बीजापुर, 13 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आगामी शिक्षा सत्र में जिले को ड्रॉप आउट मुक्त करने जिला प्रशासन बीजापुर ने स्कूल वेंडे वर्राट पण्डुम अभियान प्रारंभ किया है । अभियान के तहत जिले के हर गांव हर घर तक सर्वे दल के माध्यम से बच्चों की पहचान की जाएगी और ठोस कार्य योजना बनाकर उन्हें शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा ।

कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशानुसार जिले के लगभग 600 गांव में सर्वे के लिए दल गठन कर उन्हें प्रशिक्षण देने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है । सर्वे दल में शिक्षक, शिक्षादूत, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्व सहायता समूह सदस्य मिलाकर तकरीबन 2200 लोग शामिल है जिन्हें सभी ब्लाकों में प्रशिक्षण देकर सर्वे के महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी दी गई । दिनांक 8 मई से सभी गांव में 600 सर्वे दल द्वारा घर घर संपर्क अभियान शुरू कर दिया गया जहां वे निर्धारित प्रपत्र में परिवार की पूरी जानकारी भर रहे हैं।प्रपत्र में जो बच्चे शाला त्यागी और अप्रवेशी है उनके कारणों को सूक्ष्मता से अंकित किया जा रहा है।20 मई तक सर्वे पूर्ण करने की समय सीमा रखी गई है । इस अवधि में सभी दल अपने निर्धारित ग्राम के प्रत्येक घर का सर्वे कर पंचायत सचिव और संकुल समन्वयकों के माध्यम से सर्वे प्रपत्र एकत्रित कर जांच करेंगे उसके बाद चारों ब्लॉक के बीआरसी कार्यालय में ऑपरेटर के माध्यम से डाटा एंट्री का कार्य किया जाएगा ।डाटा एंट्री के पश्चात सर्वे के परिणाम की समीक्षा होगी और व्यापक रणनीति बनाकर शाला त्यागी और अप्रवेशी बच्चों को स्कूल फिर से लाने का प्रयास किया जाएगा ।

## एक नजर

### रायगढ़ बना प्रदेश का पहला डिजिटल पंचायत जिला

**रायगढ़,13 मई।** छत्तीसगढ़ का रायगढ़ जिला एक नई मिसाल बनकर सामने आया है। वित्त मंत्री ओ. पी. चौधरी के मार्गदर्शन में यह प्रदेश का पहला ऐसा जिला बन गया है, जहां ग्राम पंचायतों में टैक्स और शुल्क का भुगतान अब डिजिटल माध्यम यानी यूपीआई के जरिए किया जा रहा है। प्रॉपर्टी टैक्स, बाजार शुल्क, जलकर और स्वच्छता कर जैसे भुगतान अब ग्रामीण अपने मोबाइल फोन से आसानी से कर रहे हैं। जिले ने डिजिटल भुगतान प्रणाली को गांवों तक पहुंचाकर ग्रामीण शासन व्यवस्था को नई दिशा दी है। जिले की सभी 549 ग्राम पंचायतों में यूपीआई आधारित टैक्स वसूली की व्यवस्था लागू कर दी गई है। पंचायत भवनों और सार्वजनिक स्थानों पर यूपीआई क्यूआर कोड लगाए गए हैं, जिससे ग्रामीणजन घर बैठे ही अपने टैक्स भर पा रहे हैं। इस प्रणाली ने न केवल पारदर्शिता को बढ़ावा दिया, बल्कि इससे पंचायतों की आमदनी में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। तत्कालीन कलेक्टर श्री गोयल ने 12 मार्च 2025 को प्रधानमंत्री अवॉर्ड की स्क्रीनिंग कमेटी के सामने इस नवाचार मॉडल की विस्तृत प्रस्तुति दी। उन्होंने बताया कि यूपीआई प्रणाली से टैक्स कलेक्शन में बीते वित्तीय वर्ष की तुलना में 117 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। कई पंचायतों में टैक्स वसूली दोगुनी से भी ज्यादा हो गई है। पहले जहां ग्रामीणों को मैनुअल भुगतान में कठिनाई होती थी, वहीं अब वे मोबाइल से सरलता से भुगतान कर पा रहे हैं।

जिले के 07 में से 05 ब्लॉक आदिवासी बहुल हैं और यहां भी यह डिजिटल भुगतान प्रणाली लागू कर दी गई है। खास बात यह है कि 330 पीवीटीजी बिरहोर परिवारों ने भी यूपीआई से टैक्स भुगतान शुरू कर दिया है, जो डिजिटल समावेशन की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। यूपीआई प्रणाली लागू होने के बाद ग्राम सभाओं में लोगों की भागीदारी भी बढ़ी है।

### वरिष्ठ भाजपा नेता टांकसाले के घर पहुंचे निगम अध्यक्ष



**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ शासन बीज एवं कृषि विकास निगम के अध्यक्ष (केबिनेट मंत्री दर्जा) श्री चंद्रहास चंद्राकर ने पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता श्री माधव राव टांकसाले के निवास पहुंचकर उनका कुशलक्षेम जाना। उन्होंने श्री टांकसाले के साथ पुराने दिनों की यादें ताजा की। श्री चंद्राकर ने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है, जो अपने कार्यकर्ताओं को पूरा सम्मान देता है। आज एक चाय वाला देश का प्रधानमंत्री है। एक सन्यासी योगी उत्तरप्रदेश का मुख्यमंत्री है, यह भाजपा के सुशासन के संकल्प के साथ निष्ठावान कार्यकर्ताओं की पहचान का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि पार्टी के बुजूर्ग नेताओं, कार्यकर्ताओं ने अपनी त्याग व समर्पण से पार्टी को सींचकर आज उस मुकाम तक पहुँचाया है जिससे वह विश्व के सबसे अधिक कार्यकर्ताओं वाली पार्टी बनी। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों के संघर्षों को प्रणाम करने उनका आशीर्वाद लेने वे नियमित रूप से समय-समय पर वरिष्ठ जनों से मिलते रहेंगे।

# जिले में हाथियों की संख्या 200 पार,5 रेंज में विचरण कर रहे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़,13 मई।** जिले में दो वन मंडल है, जहां पहली बार हाथियों की संख्या 200 पार हो चुकी है। जिससे हाथी प्रभावित क्षेत्रों में दहशत का माहौल है, लेकिन विभाग हाथियों की मॉनिटरिंग कर रहा है। प्रभावित इलाके के जंगल में जाने पर रोक लगा दी गई है।

दरअसल, धरमजयगढ़ वन मंडल हाथियों के रहने के लिए उपयुक्त है। उनकी मौजूदगी साल भर होती है, लेकिन इस बार इनकी संख्या बढ़ गई है। कोरबा और बाकी वन मंडलों से हाथियों का दल यहां पहुंचा है। जिससे जिले में 206 हाथी हो चुके हैं। इस दल में नर, मादा और शावक हैं, तो कुछ हाथी अकेले ही विचरण कर रहे हैं।बताया जा रहा है कि, आज सुबह भी हाथियों के मौजूदगी की जानकारी होने के बाद क्रोंधा गांव में मुनादी कराई गई कि जंगल कक्ष क्रमांक-451 में हाथी दल मौजूद है। लोगों को तेंदुपत्ता तोडने् जाने पर सर्तकता बरतने कही गई है। इसके अलावा फतेपुर, नरकालो रुपुंगा रोड पर भी हाथियों का दल विचरण कर रहा है।



### 10 किसानों की फसल बर्बाद

हाथियों ने रविवार रात किसानों की फसल को भी रौंद दिया है। जिसमें घरघोड़ा रेंज के पानीखेत में एक किसान, चारमार में 2 किसान, धरमजयगढ़ वन मंडल के रूपुंगा में 4 किसान, लामीखार में 1 किसान और अंगेकेला में 2 किसानों की फसल को हाथियों ने बर्बाद किया है।

### धरमजयगढ़ में 157 और रायगढ़ में 49 हाथी

विभागीय रिकार्ड के अनुसार, जिले में 206 हाथी हैं। इसमें धरमजयगढ़ वन मंडल में 157 हाथियों का अलग-अलग दल है। इसके अलावा रायगढ़ के दो रेंज में 49 हाथी विचरण कर रहे हैं। इसमें नर हाथी 53, मादा 105 और शावकों की संख्या 48 है। जिसमें सबसे अधिक हाथी धरमजयगढ़ रेंज के रूपुंगा में 39, क्रोंधा में 31, लैलूंगा में 21 हाथी है। वहीं, घरघोड़ा रेंज के डेहरीडीह में 42 हाथी है।

### जंगल के रास्ते जाने पर मनाही

धरमजयगढ़ वन मंडल में हाथियों की संख्या पहले से अधिक है। इसलिए जिन क्षेत्रों में हाथी दल और सिंगल हाथी विचरण कर रहे हैं, उस जंगल की ओर ग्रामीणों को जाने के लिए मना किया जा रहा है। जिससे कोई जनहानि न हो सके। इसके लिए विभाग ने जंगल में बैनर भी लगाया है।

### विभाग कर रहा मॉनिटरिंग

इस मामले में धरमजयगढ़ एसडीओ बाल गोविंद साहू ने बताया कि, हाथियों की संख्या को देखते हुए पहले से अधिक निगरानी बढ़ा दी गई है। ट्रैकर और हाथी मित्र दल पूरी तरह सतर्क हैं। ग्रामीणों को समझाइश भी दी जा रही है कि, अकेले जंगल की ओर न जाएं।

# एक ही रात में माओवादियों ने तीन और लोगों की हत्या की



**बीजापुर, 13 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बीजापुर कांग्रेसी कार्यकर्ता नागा भंडारी की देररात हत्या के.साथ ही माओवादियों ने उसी रात तीन और.लोगों की भी हत्या की है जिसमे शिक्षा दूत रसोइया और एक.ग्रामीण बताया जा रहा है ये घटना पामेड और उसूर थाना क्षेत्र की बताई गई है करेंगुटटा से फोर्स के हटने के बाद अचानक फिर माओवादी सक्रिय हो गए है. और कायराना हरकत करते हुए एक ही रात मे चार लोगों को मौत की नींद सुला दिया है इससे पूरे इलाके में दहशत का माहौल पैदा हो गया है घटना की जानकारी पुलिस तक पहुंच गई है पुलिस पूरे घटना की तस्दीक कर रही है यहां बतादे आपरेशन रोके जाने के बाद अचानक माओवादी फिर से खूनी खेल खेलकर घटना को अंजाम दे रहे है इससें पूरे पामेड क्षेत्र में खौफ का वातावरण बना हुआ है

इधर नागा भंडारी के शव को आवापल्ली लाया गया जहां पी एम पश्चात शव को.पुलिस ने परिजनों को.सौंप दिया है पूरे घटना क्रम को पुलिस ने गंभीरता से लिया है तथा सभी पहलुओं पर जांच कर रही है यहां यह भी उल्लेखनीय है कि उसूर पामेड क्षेत्र माओवादियों का सुरक्षित ठिकाना रहा है लेकिन पिछले दिनों के पुलिस फोर्स के आपरेशन से माओवादियों मे हडकंप मचा हुआ है और इसलिए फोर्स के वापस होते ही ताडंव मचाते अपनी सक्रियता दिखा रहे है। इधर इस घटना को लेकर बीजापुर विधायक विक्रम मंडावी ने ना केवल घटना की निंदा कि बल्कि सरकार को आडे.हाथ लेते हुए कहा कि प्रदेश की सरकार आदिवासियों की सुरक्षा मे नाकाम साबित हो.रही है साथ ही माओवादियों को भी नसीहत दी है और कहा है कि वे निर्दोष आदिवासियों की हत्या करना बंद करे घटना के बाद सोमवार को विक्रम मंडावी आवापल्ली पहुंचे और नागा भंडारी के परिजनो से मिले उन्हें ढाढस बंधाया और अपनी संवेदना व्यक्त की तथा परिजनों को इस दुखद घडी मे हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया इस अवसर पर विक्रम मंडावी ने दिंवगत आत्मा की शांति के लिये ईश्वर से प्रार्थना की तथा श्रंद्धाजलि अर्पित की इस मौके पर परिजनों के अलावा आवापल्ली क्षेत्र के तमाम लोग वहां मौजूद रहे।

# रमेश अग्रवाल बने राइस मिल एसोसिएशन के प्रदेश कोषाध्यक्ष



**रायगढ़।** सरकार बदलते के साथ ही राइसमिल एसोसिएशन में बदलाव के आसार नजर आ रहें थे और कुछ दिनों से प्रदेश कार्यकारिणी में आपसी गतिरोध भी देखा जा रहा था जिस वजह से छत्तीसगढ़ कि समस्त राइस मिल संचालकों कों छोटी बड़ी तकलीफे आ रही थी किन्तु इन सब के बिच 11 मई कों बिलासपुर के निजी हॉटल में छत्तीसगढ़ राइस मिल एसोसिएशन कि आवश्यक बैठक आहूत कि गयी जिसमे रायगढ़ के रमेश अग्रवाल (जगदीश राइस मिल) कों सर्वसम्मति से प्रदेश कोषाध्यक्ष चुना गया> प्रतिक अग्रवाल ने बताया कि इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए कांतिलाल बोथरा एवं प्रदेश महामंत्री पद के लिए विष्णु बिंदल का नाम सामने आया जिसका सभी ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। उक्त बैठक की अध्यक्षता भूपेन्द्र सवन्नी ने कि वहीँ बैठक में मुख्य रूप से सौरभ सिंह उपस्थित थे। सभी पदाधिकारियो कि नियुक्ति से प्रदेश राइस मिल एसोसिएशन के प्रत्येक सदस्य में हर्ष व्याप्त हैं। वहीँ रायगढ़ के रमेश अग्रवाल कि प्रदेश कोषाध्यक्ष के पद पर नियुक्ति होने से योगेश कबूलपुरिया खरसिया, संतोष अग्रवाल (बैद्यनाथ पैडी) रायगढ़, मनोज अग्रवाल सारंगढ़, विष्णु अग्रवाल कोड़तराई, मोनू अग्रवाल रायगढ़, अशोक पटेल कोड़तराई, नवीन अग्रवाल सूरज फुड्स कोड़ातराई, दीपक अग्रवाल रायगढ़ ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई प्रेषित की है।

### जिले के स्कूल भवनों के मरम्मत कार्य में हुआ भ्रष्टाचार : विक्रम मंडावी

**बीजापुर, 13 मई।** बीजापुर जिले के विधायक और कांग्रेस नेता विक्रम मंडावी ने जिले में स्कूल भवनों के मरम्मत कार्य में हुए कथित भ्रष्टाचार की जांच की मांग करते हुए कलेक्टर, बीजापुर को पत्र लिखा है। अपने पत्र में विधायक ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन ने जिले के 84 प्राथमिक, माध्यमिक और हाई स्कूल भवनों की मरम्मत के लिए प्रति भवन 80000 रुपये की दर से कुल 72,40,000 रुपये स्वीकृत किए थे। यह कार्य जिला शिक्षा अधिकारी, बीजापुर के माध्यम से कराया जाना था।

हालांकि, स्थानीय जनप्रतिनिधियों और मीडिया के माध्यम से यह जानकारी सामने आई है कि कई स्कूल भवनों का मरम्मत कार्य अधूरा होने के बावजूद पूरी राशि के आहरण का दबाव बनाया जा रहा है। विधायक ने आरोप लगाया कि मरम्मत कार्य में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है। उन्होंने कलेक्टर से इस मामले की गहन जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। विधायक विक्रम मंडावी ने अपने पत्र के साथ मरम्मत किए जाने वाले स्कूल भवनों की सूची को भी संलग्न किया है।

# साय सरकार की नई तेंदूपत्ता नीति से ग्रामीण नाराज: बसंत ताटी



**भोपालपटनम,13 मई।** प्रदेश की साय सरकार द्वारा लागू नयी तेंदूपत्ता नीति से ग्रामीण आदिवासी खासे नाराज हैं। प्रदेश की भाजपा सरकार गरीब आदिवासियों की हितैषी नहीं है। भाजपा की नीति उद्योगपतियों और पूंजीपतियों को आर्थिक रूप से मजबूत करने की है। इस सरकार को गरीब मजदूर आदिवासियों की बिल्कुल चिंता नहीं है। यह कहना है, पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता बसंत राव ताटी का। कांग्रेस नेता ताटी के अनुसार पूर्व में तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य में ठेकेदारी प्रथा लागू होने से,संबंधित ठेकेदारों द्वारा बूटा कटाई से लेकर तेंदूपत्ता संग्रहण तक सभी कार्य तय समय सीमा में कर लिया जाता था, जिससे तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य में लगे गरीब आदिवासियों को अच्छी खासी आमदनी हो जाया करती थी, लेकिन अब प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा तेंदूपत्ता नियमों में बदलाव कर उनका सरकारीकरण किया गया है, जिसका सीधा असर तेंदूपत्ता संग्राहकों की आमदनी पर पड़ रहा है। तेंदूपत्ता की नयी नीति लागू होने के बाद वन विभाग द्वारा इस कार्य को संपादित करने में कोई विशेष रुचि नहीं ली जा रही है।मौसम का हवाला देकर तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य भी विभाग द्वारा विलंब से प्रारंभ किया गया है, ताकि इस कार्य में लगे मजदूरों को तेंदूपत्ता संग्रहण करने का अवसर कम मिल सके। पूर्व जिला पंचायत सदस्य ताटी का कहना है कि गरीब आदिवासी तेंदूपत्ता सीजन का इस उम्मीद के साथ बेसब्री से इंतजार करते हैं कि इस सीजन में तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य से हुई आमदनी से वर्ष भर परिवार के खर्चों की पूर्ति कर लेंगे,किंतु साय सरकार की नयी नीति ने तेंदूपत्ता संग्राहकों की आशाओं पर पानी फेरने का काम किया है।

# सिकासेर से कोडार तक शीघ्र पहुंचेगा पानी, किसान होंगे समृद्ध:विनोद चंद्राकर



**महासमुंद,13 मई।** पूर्व संसदीय सचिव छ.ग. शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने सिकासेर परियोजना के तहत सर्वेक्षण कार्य पूर्ण होने तथा डीपीआर को मंजूरी मिलने पर हर्ष व्यक्त करते हुए क्षेत्र के किसानों को बधाई दी है।

श्री चंद्राकर ने बताया कि उनके कार्यकाल में इस महत्वपूर्ण परियोजना की डीपीआर सर्वे के लिए उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का ध्यानाकर्षित कराया था। उनके निवेदन पर श्री बघेल ने 2022-23 बजट तथा पुनरीक्षित बजट 2023-24 में सिकासेर परियोजना को स्वीकृति देते हुए डीपीआर सर्वे के लिए राशि का प्रावधान किया था। श्री चंद्राकर के प्रयास से ही सिकासेर परियोजना की फाइल आगे बढ़ी थी। उन्होंने बताया कि सिकासेर बांध से पानी लाने इस परियोजना को पीएफआईसी से मंजूरी के बाद परियोजना मंडल को भेज दिया गया है। शीघ्र ही इस पर कार्य शुरू होगा। इस कार्य के लिए 2600 करोड़ खर्च अनुमानित है। सिकासेर से कोडार तक पानी लाने की प्रक्रिया पूरी होने के बाद गरियाबंद सहित महासमुंद जिला के बागबाहरा तथा महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के किसानों को सूखे का सामना नहीं करना पड़ेगा। उल्लेखनीय है कि सिकासेर परियोजना कार्य को आगे बढ़ाने श्री चंद्राकर ने विगत 4 फरवरी 2024 को वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप को भी स्मरण पत्र भेजा था। इस परियोजना को श्री चंद्राकर ने अपने कार्यकाल के दौरान प्रमुखता किसानों के हित में मांग उठाते हुए उन्होंने बजट में शामिल करवाकर सर्वे के लिए राशि स्वीकृत कराया था। उन्होंने बताया कि उनके कार्यकाल के दौरान क्षेत्र के किसानों ने सिकासेर बांध से कोडार तक पानी लाने के लिए प्रयास करने की मांग उनसे की थी। जिस पर उन्होंने लगातार प्रयास किए। साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को क्षेत्र के किसानों की समस्या से अवगत कराकर इस महत्वपूर्ण परियोजना के लाभ के बारे में बताया था। श्री चंद्राकर ने पूर्व मुख्यमंत्री श्री बघेल को बताया था कि गरियाबंद में अच्छी बारिश से सिकासेर जलाशय लबालब हो जाता है ।

# उप मुख्यमंत्री अरुण साव कर्मा माता मंदिर प्राण प्रतिष्ठा एवं सम्मान समारोह में हुए शामिल

**बिलासपुर,13 मई।** उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव आज महासमुंद के बसना विकासखंड के बोहारपार ग्राम में आयोजित कर्मा माता मंदिर प्राण प्रतिष्ठा एवं सम्मान समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी, बसना विधायक संपत अग्रवाल, विधायक कसडोल संदीप साहू, प्रदेश साहू संघ अध्यक्ष टहल सिंह साहू, प्रदेश साहू संघ उपाध्यक्ष मालकराम साहू, तेलघानी बोर्ड अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार साहू, बसना नगर पंचायत अध्यक्ष खुशबू अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, जिला साहू संघ अध्यक्ष धरम दास साहू, भिखारी चरण साहू, नारायण साहू, तोषराम साहू, पंकज साव, टीकेश्वर साहू, अजीत साव, तुलाराम साहू, लालाराम साहू उपस्थित रहे।

# धीमी प्रगति एवं अपूर्णता पर 22 सचिव, तकनीकी सहायक, रोजगार सहायक एवं समन्वयक को कारण बताओ नोटिस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**गरियाबंद, 13 मई।** कलेक्टर बी.एस. उइके ने आज प्रधानमंत्री आवास योजना की गहन समीक्षा की। उन्होंने छुरा पहुंचकर ब्लॉक अंतर्गत चल रहे पीएम आवास एवं जनमन आवास योजना के कार्यों के संबंध में बैठक लेकर विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर ने पीएम आवास की धीमी प्रगति एवं कार्य अपूर्णता पर गहरी नाराजगी जताते हुए कुल 22 कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। इनमें 13 ग्राम पंचायत सचिव, 3 रोजगार सहायक, 5 तकनीकी सहायक एवं 1 विकासखंड समन्वयक शामिल है। नोटिस पाने वालों सचिवों में ग्राम पंचायत मुढ़ीपानी, गायडबरी, कसेकेरा, नवापारा भ, कोसमी, मेढ़कीडबरी, भरवामुड़ा, रसेला, कनेसर, द्वारतरा, मुड़ागांव, पंडरीपानी गोंड एवं मुरमुरा के सचिव शामिल है। इसी प्रकार 5 तकनीकी सहायक लक्ष्मीकांत साहू, पवन ध्रुव, प्रियेश वर्मा, दिव्या साहू एवं विनय वर्मा तथा ग्राम रसेला, द्वारतरा एवं मेढ़कीडबरी के रोजगार सहायक एवं विकासखण्ड समन्वयक हर्षा वर्मा को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये। कलेक्टर ने ब्लॉक में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत सभी कार्यों का गंभीरतापूर्वक क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधितों को दिए। उन्होंने पंचायत वार स्वीकृत कार्यों, प्रगतिरत, हितग्राहियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय किश्त आबंटन एवं अप्रारंभ कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने अप्रारंभ कार्यों को जल्द शुरू करने और जारी कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान बैठक में जिला पंचायत सी ईओ जीआर मरकाम, अपर कलेक्टर नवीन भगत, एसडीएम सुश्री नेहा भेड़िया, सीईओ जनपद छुरा सतीश चन्द्रवंशी सहित पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, आवास मित्र एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि छुरा ब्लॉक अंतर्गत कुल 6 हजार 379 आवास वर्ष 2024-25 अंतर्गत स्वीकृत किये गये है। इनमें से 1 हजार 459 आवास पूर्ण हो चुके है। शेष प्रगतिरत है। कलेक्टर ने पीएम आवास योजना अंतर्गत धीमी प्रगति वाले पंचायतों के अधिकारी कर्मचारियों को सक्रिय होकर प्राथमिकता में कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही कार्यों का जिओ टैगिंग भी सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि पीएम आवास योजना अंतर्गत सर्वे, जिओ टैगिंग, इंस्टॉलमेंट के नाम से अवैध वसूली की शिकायत नहीं आनी चाहिए। इस संबध में शिकायत पाये जाने पर संबंधितों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि पीएम आवास योजना अंतर्गत हितग्राहियों को लाभान्वित करने कोई लापरवाही न बरते। सर्व संबंधित सक्रियता एवं गंभीरतापूर्वक कार्य करते हुए लोगों को योजना से लाभान्वित कराये। कलेक्टर श्री उइके ने बैठक में कहा कि शासन के मंशानुसार हितग्राहियों के आवास समय पर पूर्ण हो, जिससे उन्हें आवास योजना का लाभ आसानी से मिल सके। आवास योजना की लगातार शासन स्तर से भी समीक्षा हो रही है। हितग्राहियों को लाभान्वित करने मैदानी अमले सक्रिय होकर गंभीरतापूर्वक कार्य करे। उन्होंने जनमन योजना अंतर्गत बन रहे आवासों की भी जानकारी ली। साथ ही संबंधित क्षेत्र के अधिकारी कर्मचारियों को कार्यों में तेजी लाते हुए शेष कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने सभी जिम्मेदारी से काम करें : टंकराम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

■ राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण एवं अवैध शराब बिक्री व परिवहन पर कड़ी कार्रवाई पर जोर

■ राजस्व मंत्री ने विभागीय कार्यों की समीक्षा की



**बलौदाबाजार, 13 मई।** राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों की बठक लेकर विभागीय कार्यो की समीक्षा की। उन्होने शासन की योजनाओं का लाभ सभी पात्र हितग्राहियो तक पहुंचाने राजस्व प्रकरणों का तेजी से निराकरण तथा निर्माण कार्यो में तेजी लाने के निर्देश अधिकारियो को दिये।

राजस्व मंत्री ने कहा कि पूरे प्रदेश में सुशासन तिहार का तीसरा चरण चल रहा है जिसमें मुख्यमंत्री विष्णु देव साय स्वयं समाधान शिविरों एवं गांवो में पहुंच कर योजनाओं की जमीनी हकीकत से रूबरू हो रहे हैं। हमारी सरकार का दृष्टिकोण स्पष्ट है कि सभी योजना धरातल पर पहुंचे और सभी पात्र हितग्राही योजनाओं से लाभान्वित हो। इसके लिए सभी अधिकारी - कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी का बेहतर प्रदर्शन करें। उन्होंने राजस्व प्रकरणों को संवेदनशील बताते हुए सीमांकन, बंटांकन, नामांतरण जैसे छोटे छोटे कार्यो को शीघ्र निराकरण करने कहा। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भूमि रजिस्ट्री के बाद नामांतरण को सुविधाजनक बनाने के लिए रजिस्ट्री के साथ ही पंजीयन सुविधा का शुभारम्भ किया है। उन्होंने ग्रीष्म ऋतु में ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल एवं निस्तारी की समस्या का प्राथमिकता से समाधान करने कहा।

जिला अस्पताल न बने रिफरल सेंटर मंत्री वर्मा ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए बड़ी संख्या में मरीजों का निजी अस्पताल में ईलाज को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जिला अस्पताल सुविधा सम्पन्न है और चिकित्सक भी मौजूद है इसलिए यहां से गंभीर बीमारी का ईलाज उच्च संस्थाओ में कराने के लिए ही रिफर किया जाए। एम्बुलेंस संचालकों द्वारा यदि कमीशनखोरी जैसे मामले हों तो उस पर नियंत्रण करें। इसीतरह आयुष्मान कार्ड के माध्यम से किसी अस्पताल में ईलाज के नाम पर लापरवाही हो रही हो तो अस्पताल का निरीक्षण कर आयुष्मान योजना में इम्पैनल होने के निर्धारित मापदंड की जांच करें और कमी मिलने पर डीइम्पैनल कराएं।

अवैध शारब बिक्री व परिवहन पर हो कड़ी कार्रवाई - मंत्री वर्मा ने जिले में अवैध शराब व अन्य मादक पदार्थो के बिक्री व परिवहन पर नियंत्रण के लिए कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि युवा नशे की लत से गलत कार्यो में संलिप्त हो रहे हैं जिससे समाज में प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। किसी भी प्रकरके मादक सामग्री के अवैध धंधा को पूरी तरह से समाप्त करें। आबकारी व पुलिस विभाग आवश्यक रणनीति बनाएं।

बैठक में कलेक्टर दीपक सोनी ने सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों की संख्या, निराकरण एवं समाधान शिविरों की जानकारी दी। उन्होंने राजस्व मंत्री द्वारा दिये गए निर्देशों का शतप्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियो को दिये।

बैठक में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता, डीएफओ गणवीर धम्मशील, अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ति गौते, मिथलेश डोंडे सहित सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं जिला अधिकारी उपस्थित थे।

## समाचार संक्षेप

### खरीफ सिंचाई के लिए पानी देने नहर नालियों की कराई जाए मरम्मत: राजू शर्मा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**तिल्दा-नेवरा, 13 मई।** किसान नेता राजू शर्मा ने कहा कि माइनर एवं वितरक शाखा नाहर नाली का निरीक्षण करना जरूरी है बांधों से खेत तक सिंचाई पानी पहुंचाने वाले अधिकांश नहर नाली क्षतिग्रस्त एवं मिट्टी गाद जमा हो जाने से पानी खेतों तक पहुंचने में कठिनाई उत्पन्न होगी तथा पानी अपनी अंतिम छोर तक नहीं पहुंच पाएगा समय रहते किसनो की खेती किसानी एवं खेत में बीज डालने के पहले नहर नालियों की मरम्मत प्रभावी ढंग से करें खेतों तक किसानों को पर्याप्त पानी पहुंच जाए बांधों में पानी छोड़ने से पहले इसकी मरम्मत और साफ सफाई जरूरी है नहीं तो किसानों तक नाहर नाली के माध्यम से पानी पहुंचाना में कठिनाई उत्पन्न होगी अधिकतर नाली किसानों के खेत जाने की स्थिति को देखते हुए किसानों के धान बोने के पहले मरम्मत का कार्य पूर्ण कर लिया जाए बीज डालने के बाद किसी वाहन को किसान गुजरने नहीं देंगे इस स्थिति में मरम्मत कार्य हेतु जून के पहले आवश्यक सामग्री नहर नालियों तक पहुंच कर मरम्मत का कार्य प्रारंभ किया जाए नहीं तो शासन प्रशासन जल संसाधन विभाग को अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ेगा जिले के गंगरेल बांध भाटापारा शाखा नहर बंगोली बांध कुमारी जलाशय मानपुर जलाशय भगवा टेंक जिले में शाखा नहर माइनर नहर अविलंब मरम्मत किया जाए उक्त आशाएं का पत्र छत्तीसगढ़ शासन के जल संसाधन मंत्री एवं मुख्य अभियंता को किसान नेट द्वारा पत्र प्रेषित किया गया है।

### वर्तमान में देश बाहरी व आंतरिक समस्याओं से जूझ रहा है : दास

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**तिल्दा-नेवरा, 13 मई।** राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण फोरम, संबंध शाखा नरेंद्र मोदी विचार मंच/मिशन न्यू इंडिया के रायपुर जिला के जिला अध्यक्ष दास ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि - वर्तमान में देश, बाहरी और आंतरिक समस्याओं से जूझ रहा है। एक तरफ देश के दुश्मन जाति के आधार पर पाकिस्तान से लगातार प्रत्यक्ष और परोक्ष रुप से हमले जारी है, वहीं दुसरी ओर हमारे के अंदर ही कुछ लोग जो विभाजन के समय हमारे देश में ही रहना उचित समझे थे, वहीं लोग आज हमारे देश में अराजकता फैलाने की कोशिश कर रहें है। बहुत ही अलग तरह का समय आ चुका हैं जिसमे अब देश के बहुसंख्यको को अपने ही देश में, अपने ही देश के कानून का पालन करने के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाना पड़ता हैं, वहीं दूसरी ओर कुछ ऐसे जातिगत लोग है जो हमारे देश के संविधान को नही मानते हैं और शरीयत के कानून का हवाला देते हुए देश के कानून को देश की राष्ट्रभाषा को, देश के राष्ट्रीय चिन्ह को, देश के राष्ट्रीय गान को, देश के राष्ट्रीय कर्त्तव्य को नही मानते हैं, उनका उद्देश्य देश की जनसंख्या अपना हिस्सेदारी बढ़ाकर हिंदुओं को आतंकित करना है। वर्तमान में बंगला इसका ज्वलंत उदाहरण हैं, इसके बाद मुर्शिदाबाद, कोलकाता और पश्चिम बंगाल में जो घटना घट रही है वह भी काफी दर्दनाक हैं।

### सासाहोली में पानी टंकी निर्माण के लिए हुआ भूमिपूजन

■ वार्ड क्र.2 में एक करोड़ की लागत से बनेगी पानी टंकी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**तिल्दा-नेवरा, 13 मई।** नगर पालिका तिल्दा नेवरा अंतर्गत वार्ड क्रमांक 02 सासाहोली मे एक करोड़ की लागत से बनने वाली पानी टंकी निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया इस अवसर पर मुख्य रूप से नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रकला वर्मा भाजपा जिला महामंत्री अनिल अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष मनोज निषाद, मुख्य नगर पालिका अधिकारी अनिस ठाकुर, एवं समस्त पार्षद गण ईश्वर यदु, रानी सौरभ जैन, राजकुमार गेंड्रे, विनोद नेताम, संतोष यादव, धर्मेंद्र डहरिया, ग्वालीन बाई कोसले, जयेश पैकरा, व भाजपा महामंत्री सौरभ, डाक्टर खुमान वर्मा, विजय ठाकुर प्रियंक सोनी, राजू कुरैशी, अमरजीत पासवान, डाक्टर एल पी साहू, किरण वर्मा, गायकवन बंजारे, पवन सेन, दुर्गेश पटेल, लक्ष्मीनारायण सोनवानी, व अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## एक नजर

### दाऊ गली का नाला हुआ क्षतिग्रस्त लोगों ने की शीघ्र मरम्मत की मांग



**भाटापारा, 13 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शंकर वार्ड कन्या शाला के बगल दाऊ गली के नाला का स्लेब बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है जिसके चलते इस गली मे आवाजाही मे काफी दिक्कत हो रही है, इसी गली मार्ग मे शिवमंदिर भी है जहां लोग पूजा अर्चना के लिए जाते हैं एवं आसपास रहने वाले लोग इसी गली मार्ग से आना जाना करते है।वार्डवासी क्षतिग्रस्त नाला को शीघ्र मरम्मत करने की मांग प्रशासन से की है।

### ब्लाक कांग्रेस कमेटी सिमगा की मासिक बैठक 14 मई को

**भाटापारा, 13 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ब्लाक कांग्रेस कमेटी सिमगा की मासिक बैठक 14 मई को शाम 4 बजे स्थान पुराना बस स्टेंड सिमगा कांग्रेस भवन में रखा गया है। जिसमे विधायक भाटापारा इंद्र साव, एवं बलौदाबाजार जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। बुथ अध्यक्ष, जोन प्रभारी, सेक्टर प्रभारी, पाषर्दगण, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, जनपद सदस्य गण, एवं समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं से समय पर पहुंचने की अपील डॉ. के.के.नायक अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिमगा, कार्यकारी अध्यक्ष हिरेंद्र कोशले ने की है।

### किसी भी स्थिति से निपटने व सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने नाकाबंदी कर की गई चेकिंग

**भाटापारा, 13 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने, कानून एवं सुरक्षा स्तर बनाए रखने हेतु जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस ने 11 मई को शाम 5 से रात 8 तक जिले के 18 महत्वपूर्ण स्थानों में नाकाबंदी कर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। नाकाबंदी के दौरान अवैध रूप से शराब एवं मादक पदार्थो की तस्करी करने वाले लोगों एवं अवैध वस्तुओं की तस्करी करने वाले लोगों एवं संदिग्ध प्रवृत्ति के लोगों की धरपकड़ हेतु चेकिंग की गई। वर्तमान परिदृश्य को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस टीम द्वारा बस स्टैंड बलौदाबाजार, रेलवे स्टेशन भाटापारा, हथबंद एवं निपनिया में भी सघन चेकिंग की गई। इन सभी नाकाबंदी पॉइंट में संबंधित प्रभारियों की उपस्थिति में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल द्वारा नाकाबंदी के दौरान आने जाने वाले समस्त वाहनों, लोगों की सघन चेकिंग की गई तथा उनसे रात्रि में बाहर निकलने कारण एवं यात्रा आदि करने के प्रयोजन के संबंध में जानकारी लिया गया। चेकिंग में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 267 व्यक्तियों के विरुद्ध मोटर व्हीकल की विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही किया गया है।

## शिक्षा के स्तर में भारी गिरावट

# रिकोकला हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम बेहद निराशाजनक, अभिभावकों में रोष

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**कसडोल/सोनाखान, 13 मई।** ब्लॉक मुख्यालय कसडोल से 55 किलोमीटर कि दुरी पर स्थित ग्राम रिकोकला जहाँ कहने को तो हाई स्कुल है। शिक्षकों कि संख्या जो कि चार है वह भी विद्यार्थियों की संख्या के मुताबिक ठीक ही कहीं जा सकती है।

मगर क्या सभी शिक्षकों कि उपस्थिती एवं शिक्षा के प्रति उनका उद्देश्य ठीक है।गर्मियों कि छुट्टी समाप्त होने व जून महिने के बाद ज़ब स्कुल खुलेगा तो फिर देखने मिलेगा कि यहाँ के बच्चे बाहर घुमते दिखेंगे एवं शिक्षक अनावश्यक रूप से मोबाईल में बात करते मिलेंगे।यह हम केवल यूँ ही नहीं कह रहें बल्कि इस वर्ष की जारी 10वीं का परीक्षा परिणाम हमारे इन तथ्यों को सही साबित कर रहें है। स्कुल रिकोकला में अध्ययनरत् कुल 40 स्कूली बच्चों में केवल 10 बच्चे ही इस वर्ष उत्तीर्ण हुए है। 25 बच्चे अनुत्तीर्ण एवं 05 बच्चे पूरक है। इस तरह इस स्कूल का कुल परीक्षा परिणाम केवल 25त्न ही रहा है जो गिरती शिक्षा के स्तर का जीता जागता उदाहरण है एवं जो 10 बच्चे उत्तीर्ण हुए है उनमे से 06 प्रथम श्रेणी अंतर्गत आते है अर्थात वे होनहार बच्चे है जो स्वयं की तैयारी से किसी भी स्कूल में पढ़ते हुए भी यह अंक अर्जित कर सकतें थे। इस तरह अगर सभी पहलुओं पर गौर किया जाएं तो समझ में आता है रिकोकला के हाई स्कुल में शिक्षा का स्तर बेहद निराशाजनक रहा है।इसका दोष सिर्फ शिक्षकों पर मढ़ना भी एक तरह से नाइंसाफी होगी। बच्चों के पालक भी इसके लिए जिम्मेदार कहे जा सकतें है क्यूँकि उनके द्वारा शाला प्रबंधन समिती के सदस्य होने के बावजूद किसी भी तरह कि समीक्षा अथवा जानकारी अपने बच्चों एवं शिक्षक के विषय में ना लिया जाना बेहद चिंतनीय है। इस संदर्भ में एक और जानकारी यह भी आई जो बेहद चिंतनीय है कि बच्चों में छात्र अर्थात पुरुष वर्ग कि कुल संख्या 13 थी जिसमें केवल 01 ही छात्र जिसका नाम टीकम दीवान पिता दुकालू राम दीवान वर्तमान पंच वार्ड क्रमांक 03 है वही उत्तीर्ण हो पाया है। बाकी 02 पूरक एवं अन्य 10 बच्चे अनुत्तीर्ण है।

# आबकारी विभाग ने छापा मारकर जब्त की 1.80 लाख की हाथभट्ठी महुआ शराब व लाहन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 13 मई।** आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा निर्माण पर बड़ी कार्यवाही करते हुए करीब एक लाख 80 हजार मूल्य के अवैध कच्ची मदिरा एवं महुआ लाहन जब्त किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार वृत्त बलौदाबाजार के ग्राम सुढ़ेली में अवैध मदिरा निर्माण की सूचना पर रविवार को संभागीय उड़नदस्ता एवं जिला आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने ग्राम के नाला किनारे छिपाकर रखी हुई 85 लीटर अवैध कच्ची मदिरा तथा लगभग 3260 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद किया गया। बरामद मदिरा का परीक्षण कर जब्त किया गया एवं महुआ लाहन का सैम्पल लिया गया।बरामद मदिरा एवं महुआ लाहन का बाजार मूल्य एक लाख 80 हजार रूपए होना पाया गया। आज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) (च), 34 (च ) तथा 34(2) का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया।आरोपी की पतासाजी की जा रही है।जिला आबकारी अधिकारी चंद्रहास यदु, जलेश सिंह एवं आबकारी उप निरीक्षक राजेंद्र देवांगन संभागीय उड़न दस्ता रायपुर के नेतृत्व में उक्त कार्यवाही की गई। ज्ञातव्य है कि आबकारी आयुक्त श्याम लाल धावड़े एवं कलेक्टर दीपक सोनी ने निर्देशानुसार एवं जिला आबकारी अधिकारी गजेंद्र कुमार सिंह के नेतृव मे आबकारी विभाग द्वारा अलग-अलग क्षेत्रों में लगातार गश्त एवं कार्यवाही की जा रही है।

### पीडीएस दुकान संचालन के लिए आवेदन 15 मई तक

**बलौदाबाजार, 13 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बलौदाबाजार अमित गुप्ता द्वारा छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 के कंडिका 9(4) के प्रावधानो के तहत ग्राम पंचायत परसाभदेर (ख), ढनढनी, पहंदा, कोकड़ी, रिसदा एवं पनगांव में नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन हेतु आवेदन 15 मई 2025 तक आमंत्रित किया गया है। शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन हेतु इच्छुक संस्थाओं ग्राम पंचायत, महिला स्व सहायता समूह, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति, अन्य समितियॉ एवं वन सुरक्षा समिति अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बलौदाबाजार में 15 मई 2025 तक कार्य दिवस में कार्यालयीन समय में निर्धारित प्रारूप में दस्तावेज आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त आवेदन अथवा अपूर्ण आवेदन एवं दस्तावेज रहित आवेदन पत्रों पर विचार नही किया जाएगा।

# शराबी वाहनचालकों पर कार्रवाई के लिए चलाया गया अभियान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 13 मई।** पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में जिले में सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम हेतु शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों की चेकिंग कर लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। इसी क्रम में 11 मई को जिले में शराब पीकर वाहन चलाने वाले, वाहन चालकों के विरुद्ध पुलिस द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया है।

इस दौरान संपूर्ण अभियान में पुलिस की अलग-अलग टीमों द्वारा एक साथ भारी वाहन, चारपहिया वाहन एवं दोपहिया वाहन चालकों की चेकिंग की गई। पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान में ब्रेथ एनलाइजर के माध्यम से परीक्षण कर 07 वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया है, जिनके विरुद्ध कार्यवाही कर उनके वाहन जप्त किया गया है।

11 मई को सड़क मार्ग में शराब पीकर वाहन चलाने वाले कुल 7 वाहन चालकों पर कार्यवाही कर उनके वाहन को जब्त किया गया। चेकिंग अभियान में पुलिस की अलग-अलग टीमों द्वारा भारी वाहन, चारपहिया वाहन एवं दोपहिया वाहन चालको की चेकिंग की गई। शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों को ब्रेथ एनलाइजर के माध्यम से चेकिंग करते हुए पकड़ा गया। उक्त जप्त सभी 07 वाहनों को विधिवत कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों के ऊपर सख़ती से लगातार कार्यवाही की जा रही हैं। पुलिस आम नागरिकों से अपील करती हैं कि आप सभी यातायात के नियमो का पालन करें किसी भी स्थिति में शराब पीकर वाहन न चलावे।

**PUBLIC NOTICE**

The public notice is hereby given under Indian Partnership Act 1932, that **TRIDENT REALTY** which is registered partnership firm, is reconstituted due to the following:
Retirement of Dinesh Saraogi from the partnership w.e.f. 02.04.2025

Date- 02.04.2025
Place- Raipur

**TRIDENT REALTY**
**Deepansh Saraogi**
**(Partner)**

## सुशासन तिहार पर नवीन उपस्वास्थ्य केंद्र खोलने के लिए राज्य कार्यालय को प्रस्ताव भी प्रेषित

# वनांचल ग्राम बल्दाकछार के दिव्यांग शिविर में दिए गए प्रमाणपत्र

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 13 मई।** सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के बल्दाकछार आगमन में दौरान दिये गए निर्देश पर विकास खंड कसडोल के वनांचल ग्राम बल्दा कछार में एक दिव्यांग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आये हुए विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा दिव्यांगों का परीक्षण कर उन्हें मेडिकल प्रमाण पत्र जारी किए गए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश कुमार अवस्थी के अनुसार ग्राम बल्दा कछार प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाभियान (पी एम जनमन) अंतगर्त आता है जिसमें कमार जनजाति के लोग निवास रत हैं। आज आयोजित शिविर में कुल 9 दिव्यांगों का परीक्षण किया गया जिसमें से 2 मुख बधिर, 4 हाथ पैर से दिव्यांग, 3 जन्मजात दृष्टिहीन पाए गए।

खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ रविशंकर अजगल्ले के अनुसार दिव्यांगों का परीक्षण के साथ-साथ आज के शिविर में कुल 65 लोगों की अन्य स्वास्थ्य जाँच भी की गई। इसमें बीपी, शुगर, एच बी, मलेरिया, सिकलिन, टीबी की स्क्रीनिंग और नेत्र परीक्षण किया गया। शिविर में दो गर्भवती महिलाओं की भी जाँच हुई। शुगर और बीपी पाए गए मरीजों को दवाई दी गई जबकि टीबी के लिए बलगम का नमूना लेकर उसे लैब जाँच हेतु भेजा गया है। राज्य सरकार द्वारा ज़ारी सुशासन तिहार अंतर्गत ग्राम बल्दा कछार के ग्रामीणों ने गाँव मे नवीन उपस्वास्थ्य केंद्र खोलने की भी मांग की थी जिसके लिए प्रस्ताव राज्य स्तर पर संचालक स्वास्थ्य सेवाएँ स्वास्थ्य अटल नगर नवा रायपुर को प्रेषित कर दिया गया है। प्रस्ताव में बल्दा कछार सहित औराई, बरबसपुर, और खैरा बी ग्राम सम्मिलित हैं। शिविर में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ कल्याण कुरुवंशी, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ कुंदन कुमार, डॉ गोवर्धन सेन, डॉ गणेश वर्मा फ्रैंकलिन रात्रे, संबंधित केंद्र के आरएचओ, सीएचओ, एमटी तथा मितानिन उपस्थित रहे।



**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202504092200047**

विषयः- अ-74
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सन्ः- 2024-2025
बोरतलाव (प.ह.नं. 00027),
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- धनीराम,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदिका धनीराम आ. रामचंद जाति लोधी उम्र 73 वर्ष सा. बोरतलाब तहसील डोंगरगढ़ जिला - राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है कि आवेदक धनीराम आ. रामचंद लोधी सा. बोरतलाब का निवासी है। जो कि खसरा नम्बर 366 में तीन भाई का बंटवारा है। जिसमे आवेदक के भाई आपसी सहमति से कब्जे में कब्जा के अनुसार कृषि भूमि का नक्शा काटे जाने का निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 21.05.2025 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 28/04/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार
डोंगरगढ़

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202505093400023**

विषयः- अ-74
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सन्ः- 2024-2025
डोंगरगढ़ (प.ह.नं. 00025),
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- जगन्नाथ,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जगन्नाथ पिता प्रेमलाल जाति लोधी उम्र 64 वर्ष निवासी वार्ड नम्बर 20 भूरवाटोला डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि कृषक ग्राम डोंगरगढ़ प.ह.न. 25 तहसील डोंगरगढ़ स्थित खाता क्रमांक 459 में ख.न. क्रमशः 283/1, 287/1, 288/1, 289 रकबा क्रमशः 0.1620, 0.4670, 0,1010, 0.0080 हे. कुल ख.न. 04 कुल रकबा 0.7380 हे. कृषि भूमि राजस्व अभिलेख में जगन्नाथ पिता प्रेमलाल जाति लोधी सा. डोंगरगढ़ के नाम पर दर्ज है। आवेदक जगन्नाथ की उक्त वाद भूमि का किसान किताब (ऋण पुस्तिका) कही गुम हो गई है एवं आवेदक शत्रुहन द्वारा खोजबीन करने के पश्चात् भी प्राप्त नहीं हो पायी है। जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस थाना डोंगरगढ़ में दर्ज किया गया है। अतः उक्त भूमि आवेदित भूमि का डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने बाबत निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 26.05.2025 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 05/05/2025 को जारी किया जाता है।


मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
डोंगरगढ़

मोर आवास मोर अधिकार

सुशासन तिहार 2025




प्रधानमंत्री **श्री नरेन्द्र मोदी** बिलासपुर में
प्रधानमंत्री आवास की चाबी सौंपते हुए





मुख्य अतिथि
**श्री शिवराज सिंह चौहान जी**
माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास एवं
कृषि व किसान कल्याण, भारत सरकार

अध्यक्षता
**श्री विष्णु देव साय जी**
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन

# सशक्त गांव, समृद्ध छत्तीसगढ़
## लोकार्पण, वितरण एवं सम्मान समारोह

### प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण)
### 51,000 हितग्राहियों का गृह प्रवेश

### प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना
सरगुजा संभाग अंतर्गत प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान तहत
जिला-सरगुजा, जशपुर एवं बलरामपुर की कुल 24 बसाहटों हेतु
**21 सड़क, लंबाई 58.96 कि.मी. | राशि 4141.94 लाख**

**13 मई 2025 | दोपहर 01:00 बजे से**
**स्थान : शासकीय पी.जी. कॉलेज मैदान, अम्बिकापुर**

## अन्य मंचीय कार्यक्रम

- प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत वर्ष 2025-26 हेतु अतिरिक्त लक्ष्य आबंटन
- अमृत सरोवर पोर्टल, ऑब्ज़र्वेटरी एवं एप्लिकेशन का लोकार्पण
- GIZ INDIA एवं IIT DELHI द्वारा अमृत सरोवर पर इम्पैक्ट असेसमेंट स्टडी की रिपोर्ट सौंपना
- दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल विकास योजना 2.0 के परियोजना दिशा-निर्देशों का लोकार्पण
- पीएम आवास योजना (ग्रामीण) एवं पीएम जनमन के अंतर्गत स्वीकृत आवासों का भूमिपूजन एवं स्वीकृति पत्र वितरण
- महिला स्वयं सहायता समूहों को निर्माण सामग्री की किट का वितरण
- उत्कृष्ट कार्य करने वाली कैडर दीदी एवं लखपति दीदियों का सम्मान

संवाद आर.ओ. 43798/96

हमसे जुड़ने के लिए
QR स्कैन करें

**आइए, छत्तीसगढ़ की इस विकास यात्रा के साक्षी बनें।**

ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26